दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली।। रविवार 14 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 275 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




### लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मुंबई पहुंचे पीएम मोदी

## 29,400 करोड़ के प्रोजेक्ट की रखी आधारशिला



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार पीएम मोदी मुंबई पहुंच गए हैं। उनकी तरफ से 29,400 करोड़ के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है। असल में रविवार को पीएम मोदी ने गोरेगांव पहुंचे थे जहां पर उन्होंने एक लिंक रोड और टनल प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी।

पीएम मोदी ने गोरेगांव में नेस्को प्रदर्शनी केंद्र से 16,600 करोड़ रुपये की ठाणे-बोरीवली टनल प्रोजेक्ट और गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट की आधारशिला रखने का काम किया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र वो राज्य है, जिसकी विकसित भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका है। महाराष्ट्र के पास गौरवशाली इतिहास है। महाराष्ट्र के पास सशक्त वर्तमान है। महाराष्ट्र के पास समृद्ध भविष्य का सपना है। महाराष्ट्र वो राज्य है, जिसकी विकसित भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका है।

कई प्रोजेक्ट्स की आधारशिला को लेकर भी पीएम मोदी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुझे महाराष्ट्र और मुंबई के लिए 3 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और लोकार्पण का अवसर मिला है।

इन प्रोजेक्ट्स से मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इनमें रोड और रेल परियोजनाओं के अलावा महाराष्ट्र के नौजवानों के कौशल विकास की बहुत बड़ी योजना भी शामिल है। इनसे महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में रोजगार का निर्माण भी होगा। 2-3 सप्ताह पहले ही केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के लिए वधावन पोर्ट को भी स्वीकृति दी है। 76 हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट से यहां 10 लाख से ज्यादा रोजगार बनेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं इस समय बहुत ऊंचे स्तर पर हैं। इस सदी के करीब-करीब 25 साल बीत चुके हैं। देश की जनता लगातार तेज विकास चाहती है, अगले 25 वर्ष में भारत को विकसित बनाना चाहती है।


# मेरठ रोड पर बनेगा कांवड़ यात्रा मुख्य कंट्रोल रूम
# राउंड-द-क्लॉक लगेगी पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी

### कांवड़ रूट पर बनाए जाएंगे सुरक्षा के लिए वॉच टावर
### कांवड़ मार्ग पर ड्रोन से लेकर सीसीटीवी से रहेगी निगरानी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 22 जुलाई से सावन मास की शुरूआत हो रही है और कांवड़ यात्रा को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में तैयारी शुरू कर दी गई है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार कांवड़ यात्रा के संबंध में बैठकर कर चुके हैं। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी आयोजित की जा चुकी है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में भी कांवड़ यात्रा की तैयारी के सिलसिले में बीते दिनों बैठकर हुई थी। तो वहीं शनिवार को उत्तर प्रदेश में ट्रैफिक के एडीजी के. सत्यनारायण ने पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की है। सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस बार भी मुख्य कांवड़ सुरक्षा कंट्रोल रूम मेरठ रोड पर बनाया जाएगा। इसके साथ एक बड़ा कंट्रोल रूम मोहन नगर और देहात जोन में मुरादनगर गंग नहर के पास मौजूद रहेगा। जो पूरे कांवड़ यात्रा पर निगरानी रखने का काम करेगा। कांवड़ यात्रा के दौरान तीनों जोन के डीसीपी को अतिरिक्त अलर्टनेस रखने के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा में 50 से ज्यादा स्थानों पर वॉच टॉवर स्थापित किए जाएंगे। जहां पुलिसकर्मियों की राउंड-द-क्लॉक ड्यूटी लगाई जाएगी।

### कंट्रोल रूम रहेगा पूरी तरह हाईटेक



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित होने वाली वर्ष 2024 की कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जानकारी मिली है कि मेरठ रोड पर बनने वाला पुलिस का कंट्रोल रूम बेहद हाईटेक बनाया जाएगा। यहां 50 से ज्यादा बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई जाएगी, जो अलग-अलग जोन के सीसीटीवी सेटअप से कनेक्ट रहेंगी। यहां पर पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी इसकी मॉनीटरिंग करने का काम भी करेंगे। तो वही वॉच टावर से पुलिसकर्मियों द्वारा वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई जाएगी। बताया जा रहा है की कांवड़ रूट के दौरान लगभग 50 वॉच टावर बनाने का काम शुरू करवा दिया गया है।

### हर थाने की टीम में रहेंगे पुलिस वाले भोले

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा को लेकर लगातार तैयारी चल रही है। जानकारी मिली है कि इस बार भी कांवड़ यात्रा के दौरान हर थाने के दो पुलिसकर्मी ऐसे रहेंगे जो शिव भक्तों की वेशभूषा में रहेंगे। भोला पुलिस वाले कांवड़ियों के साथ चलने के दौरान अन्य गतिविधियों पर भी नजर रखने का काम करेंगे। इसके साथ ही इंटेलीजेंस के स्टाफ को कांवड़ यात्रा के लिए अधिक अलर्ट कर दिया गया है।

### दूधेश्वरनाथ मंदिर के लिए भी बनेगा अलग कंट्रोल रूम



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा पुलिस और प्रशासन के पहले फोकस पर रहेगी। शहर के सबसे बड़े व प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वरनाथ मठ में 2 अगस्त पर शिवरात्रि के अवसर पर होने वाले जलाभिषेक को लेकर बड़ी संख्या में मंदिर परिसर और उसके मार्ग के साथ ही मंदिर के पीछे वाले मार्ग पर कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों का कंट्रोल रूम पिंक बूथ के बराबर में बनाया जाएगा, जहां एक एसीपी स्तर के अधिकारियों को इसकी मॉनीटरिंग करने का जिम्मा दिया जाएगा।

### करंट हादसे और सांप को लेकर रहेगा अलर्ट



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा के दौरान किसी शिवभक्त को करंट ना लगे। इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को पूर्व में ही जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा निर्देशित किया गया था तो वहीं पुलिस जब कांवड़ शिव लगाने की परमिशन देगी तो उसमें बिजली विभाग से एनओसी होना अनिवार्य रहेगा। इसके साथ ही जानकारी यह है कि बीते दिनों मधुबन बापूधाम थाने की हवालात में कोबरा सांप निकालने के बाद कांवड़ शिवरों और कांवड़ मार्ग पर सांप को लेकर अलर्ट रखा जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सांप काटने के उपचार के लिए निर्देशित किया गया है।

### बड़ी संख्या में बनाए जाएंगे वॉच टावर



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा पर दूर तक नजर रखने के मकसद से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में पुलिस बड़ी संख्या में वॉच टावर लगाए जाएंगे। इसके लिए उनका निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। वॉच टावर में तैनात रहने वाली पुलिसकर्मी दूरबीन, मोबाइल फोन, टॉर्च और हथियार से लैस रहेंगे।

### ट्रैफिक कंट्रोल पर रहेगी ड्रोन की नजर



करंट क्राइम : इस बार कांवड़ यात्रा में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत ट्रैफिक कंट्रोल में पुलिसकर्मियों से लेकर तकनीक की मदद ली जाएगी। ट्रैफिक कंट्रोल का मूवमेंट जानने और हालात पर स्थित रखने के लिए इस बार ड्रोन की भी व्यवस्था की जा रही है। बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सभी जोन में ड्रोन का प्रबंध करवा दिया गया है।



कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगातार मीटिंग की जा रही हैं। साथ ही डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ प्लानिंग भी बनाई गई है। लोगों और शिव भक्तों से भी पुलिस संपर्क कर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराएगी।

**दिनेश कुमार पी,** एडिशनल कमिश्नर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

## संगठन से तय होकर आयेगा भाजपा डिप्टी मेयर प्रत्याशी का नाम

### 18 जुलाई की शाम तक हो जायेगी उम्मीदवार की घोषणा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम कार्यकारिणी को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बताया जाता है कि 19 को पहली कार्यकारिणी बोर्ड बैठक होगी। इस बैठक में 6 नए कार्यकारिणी सदस्य चुने जायेंगे। इसके बाद 20 जुलाई को बोर्ड बैठक होगी।

बैठक कार्यकारिणी के बीच एक बड़ा सवाल ये है कि अब गाजियाबाद नगर निगम में डिप्टी मेयर यानी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष कौन होगा। संख्या बल की बात करें तो यहां ये तय है कि कोई भी बने लेकिन ये सदस्य भाजपा का होगा।

भाजपा निगम कार्यकारिणी में फुल मैजोरिटी में है। पार्टी सत्ता में है लिहाजा क्रास वोटिंग का कोई मतलब नहीं है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिए पहले ये माना जा रहा था कि निगम की मुखिया यानी मेयर सुनीता दयाल ही किसी एक नाम को प्रस्तावित करेंगी और उस नाम पर सहमति बन जायेगी। लेकिन मेयर सुनीता दयाल ने यहां संगठन सर्वोपरि की नीति पर चलते हुए ये फैसला संगठन पर छोड़ा और अब नए निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष उम्मीदवार का नाम भाजपा संगठन से आयेगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि अभी प्रदेश कार्यकारिणी बैठक है और उसके बाद संगठन तय करेगा। उन्होंने कहा कि संभवत 16 जुलाई या 17 जुलाई को महानगर कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक होगी और 18 जुलाई तक महानगर संगठन की ओर से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष उम्मीदवार का नाम आ जायेगा। कोर कमेटी की मुहर लगने के बाद महानगर संगठन इस नाम की घोषणा करेगा।

## पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने सोशल मंच पर कही दो टूक बात
# समाधान निकलेगा जब सरकार और नौकरशाही दोनों होंगे डेमोक्रेटिक मूड में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा कार्यकर्ताओं की शासन प्रशासन से अनदेखी की शिकायत उतनी ही पुरानी है जितना पुराना भाजपा का सत्ता का इतिहास। 1967 में उत्तर प्रदेश में तत्कालीन जनसंघ उसमें शामिल थी। उंसके रणनीतिकार स्वयं नाना जी देशमुख थे और सरकार में माधवप्रसाद त्रिपाठी और रामप्रकाश गुप्ता जैसे संगठन शिल्पी उस सरकार में मंत्री थे लेकिन अंत में असंतोष ही लेकर सरकार चली गई। 1977 में प्रदेश में जनता पार्टी की सरकार बनी। जिसमें जनसघ घटक ने अपना जनता पार्टी में विलय कर लिया था।रामप्रकाश गुप्ता ,कल्याण सिंह ओमप्रकाश सिंह गंगाभक्त जैसे वरिष्ठ भाजपा नेता उस सरकार में मंत्री थे। लेकिन इतने बड़े नेता भी भाजपा कार्यकर्ता को संतोष नहीं दे सके।

1991 में भाजपा की उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। सरकार की गठबंधन जैसी कोई विवशता नहीं थी। उस समय भी भाजपा के के कार्यकर्ता को उचित सम्मान की दरकार थी।कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सरकार ने नारा दिया - निर्दोष को छेड़ो मत दोषी को छोड़ो मत। इस असंतोष का समाधान कुछ मात्रा में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह ने दिया। उन्होंने दो बार सार्वजनिक रूप से प्रदेश की नौकरशाही को सन्देश दिया कि हमारा कार्यकर्ता हमारी ताकत है। उंसके परिश्रम के कारण हम सत्ता में हैं। उसे हम नाराज नहीं कर सकते। इसका पूरा सन्देश नौकरशाही को समझ मे आ गया और नौकरशाही ने भाजपा कार्यकर्ता की उस तरह से अनदेखी बंद कर दी ,जैसी पहले होती थी।पूरी तरह तो नहीं लेकिन सरकार की उपलब्धियों ने और नौकरशाही की बदली समझ ने उस असंतोष पर कुछ सीमा तक अंकुश लगा दिया।

> **भाजपा कार्यकर्ताओं की शासन-प्रशासन से अनदेखी की शिकायत उतनी ही पुरानी है जितना पुराना भाजपा का सत्ता इतिहास।**
>
> **कार्यकर्ता अपनी पीड़ा कह रहे हैं। अगर इसका कोई छोटा-मोटा भी समाधन नहीं निकला तो असंतोष और बढ़ जाएगा।**
>
> **इसलिए कार्यकर्ता के लिए भी और अधिकारी के लिए भी कोई लक्ष्मण रेखा खींचनी होगी।**

### बिना किसी जवाबदेही के सत्ता का उपयोग पाप है।

वर्तमान में भी सरकार के मंत्री जिले जिले दौरे कर रहे हैं। कार्यकर्ता अपनी पीड़ा कह रहे हैं।अगर इसका कोई छोटा मोटा भी समाधन नहीं निकला तो असंतोष और बढ़ जाएगा। सत्ता का स्वभाव केंद्रित होने का है लेकिन उसे प्रयास करके विकेन्द्रित करना पड़ता है। वर्तमान समय मे सत्ता के केंद्रीकरण का युग है। अगर एक चीफमिनिस्टर पर सारी उपलब्धियों और नाकामियों का ठीकरा फोड़ा जाएगा तो सत्ता निश्चय ही केंद्रित होती चली जाएगी। जब प्रदेश में एक



मुख्य मंत्री के साथ दो उपमुख्य मंत्री नियुक्त किये गए तो लगा कि पार्टी सत्ता को विकेन्द्रित करना चाहती है। लेकिन अब तक के कार्यो से तो ये ही लगा कि सत्ता के कई केंद्र बनाए गए हैं। इसका भाजपा को लाभ के बजाय हानि उठानी पड़ी है। बिना किसी जवाबदेही के सत्ता का उपयोग पाप है।

भाजपा के एक विचार की पार्टी है। लोगों को 1952 की जनसंघ की स्थापना के काल से एक विचार के लिए लोगों को जोड़ा गया। आज भाजपा कैडर बेस पार्टी नहीं है। आज भाजपा मास बेस पार्टी है। मासबेस के जो दुर्गुण हैं भाजपा को उनसे भी दो चार होना पड़ेगा। सत्ता की पार्टी की अपनी और भी समस्याएं हैं। लेकिन इसका अर्थ ये नहीं है कि सभी कार्यकर्ता चोर हैं दलाल हैं ,सत्ता को लूट का माध्यम बनाना चाहते हैं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता संगठन को समर्पित हैं ।सत्ता को समाज के बदलाव का बड़ा हथियार बनाना चाहते हैं। इसलिए कार्यकर्ता के लिए भी और अधिकारी के लिए भी कोई लक्ष्मण रेखा खींचनी होगी। इसलिए कोई सुविचारित रास्ता खोजना होगा। शुतुरमुर्गी नीति से काम नहीं चलेगा। जब तक माननीय मुख्य मंत्री जी पूरे प्रदेश की नौकरशाही को ये सन्देश नहीं देंगे कि कार्यकर्ता हमारी ताकत है,उसका सम्मान महत्वपूर्ण है।तब तक नीचे तक सही सन्देश नही जाएगा। विभागीय मंत्रियों के प्रयास केवल थेकली से अधिक कुछ नहीं होंगे। नौकरशाही बड़ी चतुर है ,अगर उसे जरा भी कहीं से शह मिल जाय तो फिर उसे कोई लगाम नही लगा सकता है। जब सरकार और नौकरशाही दोनों डेमोक्रेटिक मूड में नहीं होंगे तब तक अपेक्षित परिणाम नहीं निकल सकते हैं।

# भाजपा का विजय रथ रुका, मंगलौर और बद्रीनाथ सीट पर कांग्रेस जीती



**हरिद्वार/बद्रीनाथ।** उत्तराखंड की मंगलौर और बद्रीनाथ सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनावों में राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस ने दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। मंगलौर विधानसभा सीट पर आखिरी चार चरणों में उलटफेर की संभावनाओं के बीच कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन ने बाजी मार ली। काजी ने 422 वोटों से जीत हासिल की है। सभी 10 राउंड की गिनती पूरी होने के बाद कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन को कुल 31,727 वोट मिले जबकि भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को 31,305 वोट मिले। बसपा के उम्मीदवार उबेदुर्रहमान 19,559 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

भाजपा को बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर भी हार का सामना करना पड़ा है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला ने भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भंडारी को 5,224 मतों से मात दी है। लखपत बुटोला को 28,161 वोट और भाजपा के राजेंद्र भंडारी को 22,937 वोट मिले।

विधानसभा उपचुनाव में दोनों सीटों पर जीत के बाद कांग्रेस कैडर में जश्न का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों की थाप पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मना रहे हैं। उत्तराखंड विधानसभा उपचुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा ने और खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी की जीत का दावा किया था। उन्होंने खुद यहां चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी। साथ ही पांचों लोकसभा सीटों के नवनिर्वाचित सांसदों ने भी प्रचार किया था। इसके बाद भी भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने दोनों सीटों पर खुद कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के लिए जनता के बीच जाकर प्रचार किया था। उनकी मेहनत रंग लाई और उत्तराखंड की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने भाजपा को करारी शिकस्त दी।

# विधि का शासन ही सुशासन की पहली शर्त : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने मुख्य अतिथि और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ के साथ छात्रों को उपाधि दी। सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन की पहली शर्त ही विधि का शासन है। न्याय संगत व्यवस्था हर व्यक्ति को प्रिय है और न्याय समय पर हो, समयबद्ध तरीके से हो, इसके लिए उस फील्ड के विशेषज्ञ उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। विधि के इस शासन के लिए ही आज भारत जाना जा रहा है। परसेप्शन बदलने में, आमजन की धारणा बदलने के लिए, देश और दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

यह विश्वविद्यालय एक सही राह पर आगे बढ़ चुका है। विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोध करने वाले छात्र हैं, वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और अपने गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे। सीएम योगी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ का स्वागत करते हुए कहा, भारत के अंदर विधि का शासन हो, अच्छे विधि विशेषज्ञ स्नातक, परास्नातक और शोध की डिग्री लेने के उपरांत जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण के अभियान का हिस्सा बन सकें। यही वजह है कि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में भी मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ का आशीर्वाद उन्हें



मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, इससे पहले भी दो दीक्षांत समारोह में उनका आशीर्वाद यहां के विद्यार्थियों को प्राप्त होता रहा है। इस अवसर पर उनकी मौजूदगी हम सबको प्रसन्न करती है। सुप्रीम कोर्ट में जाने से पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए और न्याय जगत के लिए कभी न भूल पाने वाला पल रहा है। आज भी उत्तर प्रदेश का निवासी न्याय जगत में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति बड़े ही सकारात्मक भाव से उनकी बातों की सराहना करता है।

## बहुत सारे उपाधि धारक न्यायिक क्षेत्र की अलग-अलग जगहों पर जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं

सीएम योगी ने कहा कि जब मुख्य न्यायाधीश उपाधि प्राप्त करने वाले उपाधि धारकों से परिचय पूछने के साथ-साथ वर्तमान में उनके कार्यों के बारे में पूछ रहे थे तो ये देखकर प्रसन्नता हो रही थी कि बहुत सारे उपाधि धारक न्यायिक क्षेत्र की अलग-अलग जगहों पर जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम देखते हैं कि परिवारिक विवादों को लेकर जब लोग आते हैं तो वह किसी की नहीं सुनते, लेकिन अधिवक्ता जहां कहता है वो वहां आंख बंद करके साइन कर देते हैं क्योंकि अधिवक्ता पर उनका विश्वास है। यह विश्वास आपकी सबसे बड़ी पूंजी है और यह विश्वास सामान्य नागरिक का बार और बेंच दोनों पर बना रहना चाहिए। इस विश्वास पर खरा उतरना हम सबके लिए सदैव सबसे बड़ी चुनौती रही है क्योंकि बदलते हुए परिवेश में लोगों की जरूरतें, तौर तरीके, टेक्नोलॉजी व्यक्ति को भी और व्यवस्था को भी बदलती है।

# डग्गामार और बिना परमिट के चलती मिलीं बसें तो नपेंगे बड़े अफसर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए बड़े अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने अपने आवास पर हुई बैठक में अफसरों को सख्त निर्देश दिए। उन्नाव बस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम योगी ने दो टूक निर्देश दिये हैं कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों की खैर नहीं। अपने सरकारी आवास पर एक अति महत्वपूर्ण बैठक के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाए। वहीं मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एक



माह तक डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान के निर्देश जारी कर दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में पंजीकृत सभी यात्री बस और स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की जांच की जाए। इसके बाद कहीं भी कोई अप्रिय घटना हुई तो सीधे सीधे परिवहन विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहन किसी भी दशा में सड़क पर न उतरने पाए। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाली बसों को सड़क पर आने से पहले ही रोकना होगा।

## डग्गामार वाहनों को सड़क पर आने से पहले ही रोकें

मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं और इनके मालिकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। सीएम योगी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित करते हुए कहा है कि जहां भी इस प्रकार की बसों का संचालन हो रहा है, वहां के परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक माह तक चलेगा सघन अभियान

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाए। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाए। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है साथ ही निर्देश दिये हैं निर्धारित तिथियों में प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सम्बन्धित टोल प्लाजा पर स्वयं उपस्थित होकर सम्भाग के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों के साथ इन्फोर्समेंट की कार्रवाई करेंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर तैनात की जाएगी। इस दौरान की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी और फोटो विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित की जाएगी।

# नकारात्मक राजनीति वाले मनाएंगे 'संविधान हत्या दिवस', इसमें आश्चर्य कैसा : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने के केंद्र सरकार के फैसले पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा, भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। जिन्होंने संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा? वहीं कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया



श्रीनेत ने केंद्र सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि संविधान बदलने की भाजपा की साजिश नाकाम हो गई है और इस देश की जनता ने उनके साजिश का पदार्फाश कर दिया है। इस तरह की हरकतें हार की झुंझलाहट और ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश मात्र है। जब बात अग्निवीर पर होनी चाहिए, मणिपुर पर होनी चाहिए, बेरोजगारी पर होनी चाहिए, महंगाई पर होनी चाहिए तो ये सरकार बात 50 साल पहले की करेगी। अगर ऐसा ही है तो क्यों न हर दिन इस देश में रोजगार हत्या दिवस, किसान हत्या दिवस, महिला सुरक्षा हत्या दिवस मनाया जाए?'

केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला लिया है। हर साल 25 जून को देश उन लोगों के महान योगदान को याद करेगा, जिन्होंने 1975 के इमरजेंसी के अमानवीय दर्द को सहन किया था। 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने को लेकर भारत सरकार की ओर से एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

# गोवंश परिवहन को लेकर खरगोन में बड़ी कार्रवाई, पांच करोड़ रुपये के 53 वाहन होंगे राजसात

**खरगोन।** खरगोन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में गोवंश से संबंधित मामलों पर कार्रवाई की गई थी। इसमें जिले से कुल 53 वाहन सहित कई गोवंश भी जब्त किए थे। इनकी अनुमानित कीमत पांच करोड़ रुपये हैं।

मध्य प्रदेश के निमाड़ अंचल में गोवंश और पशुओं की अवैध तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। निमाड़ के खरगोन, खंडवा के रास्ते से बुरहानपुर जिले से सटे महाराष्ट्र की सीमा पर इस तरह के वाहन पुलिस ने पकड़े हैं। खरगोन जिले से लगातार सामने आ रहे गोवंश तस्करी के मामलों को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। खरगोन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने गौवंश के परिवहन करते हुए पकड़े गए कुल 53 वाहनों को राजसात करने के आदेश जारी किए हैं। इनकी कुल कीमत करीब पांच करोड़ रुपये से अधिक बताई जा




रही है। खरगोन जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के एक आदेश के अनुसार, जिले में गौवंश का परिवहन बिना वैध अनुज्ञा के पाए जाने पर 53 वाहनों पर मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इन वाहनों को गौवंश सहित शासन के हित में राजसात करने के आदेश दिए गए हैं। जिले में इस प्रकार के कुल 54 प्रकरणों में 123 आरोपियों से 53 वाहन और 484 गौवंश जब्त किए गए थे। राजसात किए गए वाहन और गौवंश की कुल कीमत 5 करोड़ 10 लाख 7 हजार 300 रुपये बताई जा रही है।

## जिले के 12 थानों में की गई कार्रवाई

खरगोन जिले में प्रशासन द्वारा की गई यह पूरी कार्रवाई मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत की गई है। इसमें खरगोन जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों, जैसे चैनपुर, महेश्वर, मेनगांव, बड़वाह, बलकवाड़ा, भगवानपुरा, बिस्टान, भीकनगांव, कसरावद, थाना कोतवाली खरगोन, गोगांवा और ऊन थाना में प्रकरण दर्ज कर गौवंशीय पशुओं का अवैध परिवहन करने वाले वाहनों को उनमें ले जाए जा रहे गौवंश के साथ जब्त किया गया था।

## गोवंश का संरक्षण करना, सभी का दायित्व

खरगोन जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गोवंश से संबंधित मामलों पर कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 53 वाहन और कई गौवंश जब्त किए गए। इनकी अनुमानित कीमत 5 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि जिले में गोवंश के अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को दीं दिल्ली के एलजी की तरह शक्तियां : केंद्र सरकार

**जम्मू।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उपराज्यपाल को अधिक शक्ति देने के लिए जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के नियमों में संशोधन किया। एमएचए ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है।

अब जम्मू- कश्मीर को भी दिल्ली जैसे संवैधानिक अधिकार मिलेंगे। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल को भी अब दिल्ली के एलजी की तरह की प्रशासनिक शक्तियां मिलेंगी। अब जम्मू-कश्मीर में भी सरकार बिना उपराज्यपाल की इजाजत के ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं कर पाएगी।

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उपराज्यपाल को अधिक शक्ति देने के लिए जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के नियमों में संशोधन किया। एमएचए ने जम्मू और कश्मीर



पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें एलजी को अधिक शक्ति देने वाली नई धाराएं शामिल की गई हैं। आपको बता दें कि जब से जम्मू और कश्मीर का पुनर्गठन किया गया है तब से वहां चुनाव नहीं हुए हैं। लेकिन जब भी जम्मू और कश्मीर में चुनाव होंगे, तो सरकार का गठन होगा। चुनी हुई सरकार से अधिक शक्तियां उपराज्यपाल के पास ही रहेंगी। यह शक्तियां वैसी ही होंगी जैसे दिल्ली के उपराज्यपाल के पास हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नियम में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है, जिसे अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी 31 अक्तूबर 2019 की उद्घोषणा के साथ पढ़ा गया है। एमएचए की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि इन नियमों को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर सरकार के कामकाज का लेन-देन (दूसरा संशोधन) नियम, 2024 कहा जा सकता है। यह संशोधन आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि 12 जुलाई को लागू होंगे।

## अल्ताफ बुखारी ने दी प्रतिक्रिया

जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी ने गृह मंत्रालय के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सभी क्षेत्रीय दलों से इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एक साथ आने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी पहल करेगी। आइए हम सब एक साथ आएं और जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकारों के लिए लड़ें।

# छत्तीसगढ़ सीएम अयोध्या पहुंचे रामलला को चढ़ाए शबरी के बेर

## बोले- ननिहाल से भेंट लाया हूं, कैबिनेट के साथ दर्शन किए



**अयोध्या।** छत्तीसगढ़ सीएम विष्णु देव साय अपने मंत्रिमंडल के साथ आज दोपहर 12:15 बजे अयोध्या पहुंचे। सीएम साय ने कैबिनेट के साथ रामलला का दर्शन किया। भगवान राम से छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। अपने साथ लाए शबरी धाम के बेर, जल और प्रसाद रामलला को समर्पित किया। इस दौरान सभी का राममंदिर ट्रस्ट की ओर से का स्वागत किया गया। भोजन प्रसाद भी कराया



गया। साय ने कहा- छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी है। ननिहाल की ओर से प्रभु श्रीराम के चरणों में शबरी के बेर, जल, महुआ के फल सहित अन्य चीजें प्रसाद के रूप में अर्पित किया। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा- हिंदू किसी सेट का नाम नहीं है। हिंदू एक विचार का नाम है। उस विचार को मानने वाले हर व्यक्ति, चाहे किसी भी मजहब का हो, उसके लिए रामलला के धाम की माटी को छूना सौभाग्य की बात है। छत्तीसगढ़ भगवान रामलला का ननिहाल है। हम लोग वहां से आए हैं। छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मंदिर है, वहां से आकर मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझता हूं।

मुख्यमंत्री साय ने अयोध्या पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा- चेहरे पर मुस्कान, जिह्वा पर प्रभु श्रीराम का नाम लेकर प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पहुंच चुका हूं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उट साय ने कहा था- जल्द ही पूरे मंत्रिमंडल के साथ हम अयोध्या जाएंगे। साय सरकार का एक दिन का अयोध्या दर्शन कार्यक्रम है। आज शाम 5:15 बजे तक सीएम साय अपने मंत्रिमंडल के साथ छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने इसे नौटंकी बताया है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर शिवरीनारायण राममय रहा

अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय शिवरीनारायण में सभी मंदिरों को दूधिया रोशनी और झालर के अलावा दीपों से सजाया गया। कई दिन भजन-कीर्तन और भंडारा चला। शिवरीनारायण राममय रहा। छत्तीसगढ़ सरकार की रामलला दर्शन योजना वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार ने रामलला दर्शन योजना भी शुरू की है। इसके तहत प्रदेशभर के श्रद्धालु आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम के साथ काशी के भी दर्शन करने जाते हैं। इस योजना से हजारों श्रद्धालु अब तक रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

## शिवरीनारायण की ये है मान्यता

मुख्यमंत्री जिस शिवरीनारायण से बेर की टोकरी लेकर आए हैं, वहां की मान्यता रामायण से जुड़ी है। कहा जाता है कि प्रभु श्रीराम ने शिवरीनारायण में ही माता शबरी के जूठे बेर खाए थे। इसलिए ननिहाल से अपने भांचा राम को यह भेंट दी।

## प्रभु राम महानदी के रास्ते शिवरीनारायण पहुंचे

मान्यता के मुताबिक, प्रभु राम वनवास के दौरान मांड नदी से चंद्रपुर, फिर महानदी मार्ग से शिवरीनारायण पहुंचे थे। छत्तीसगढ़ में कोरिया जिले के भरतपुर तहसील में मवाई नदी से होकर जनकपुर से लगभग 26 किलोमीटर की दूरी पर सीतामढ़ी-हरचौका है। यहां से प्रभु राम ने छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया था। प्रभु राम ने अपने वनवास के 14 साल में से लगभग 10 साल से ज्यादा का समय छत्तीसगढ़ में कई जगहों पर बिताया था।

# मुरादाबाद में महिला की गला रेतकर हत्या

## 3 साल के बच्चे ने बताया- पापा ने चाकू से मम्मी का गला रेता





**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में शनिवार तड़के एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप महिला के पति पर है। मृतका के 3 साल के बच्चे ने बताया- पापा ने मम्मी का चाकू से गला रेत दिया। घटना के बाद से महिला का पति फरार है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। घटना मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में पीतल बस्ती पुलिस चौकी के पास सब्जी मंडी के पास की बताई जा रही है। रेशम सैनी (28 साल) पत्नी नरेश पाल की गला रेती हुई रक्तरंजित लाश घर में पड़ी मिली है। नरेशपाल घर से फरार है। पति-पत्नी में पूर्व में भी कई बार आपस में विवाद होने की बात सामने आई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर में मिले 3 साल के बच्चे से भी बात की। बच्चे ने इशारे में पुलिस को बताया है कि उसके पिता ने ही मां की चाकू से गला रेतकर हत्या की है।

## 4 साल पहले हुई थी शादी

रेशम का मायका मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव मनकरा मिलक का है। रेशम के भाई जगपाल ने बताया- उसकी छोटी बहन रेशम की शादी करीब 4 साल पहले मूंढापांडे निवासी नरेश सैनी के साथ हुई थी। दंपती के 2 बच्चे हैं। बड़े बेटे की उम्र करीब 3 साल है, जो घटना का चश्मदीद है। दूसरी बेटी है, जिसकी उम्र करीब एक साल है। पिछले करीब 6 महीने से नरेश मुरादाबाद के पीतल बस्ती सूरज नगर में किराए के मकान में पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। वह यहां एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता था।

## कुछ दिन पहले कमरे में बंद करके पीटा था

जगपाल ने बताया- रेशम का पति नरेश पाल मामूली बात पर भी पीटता था। कुछ दिन पहले भी उसने कमरे में बंद करके रेशम की पिटाई की थी। तब उसे दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया था। जगपाल ने बताया- उस समय महिला थाने में इसकी शिकायत की गई थी। लेकिन तब नरेशपाल ने माफी मांग ली थी। इसके बाद समझा बुझाकर दोनों को साथ भेज दिया गया था।









# 19 जुलाई को चुने जाएंगे कार्यकारिणी के 06 सदस्य और होगा उपाध्यक्ष का फैसला

## 20 तारीख को होगी निगम में कर बढ़ोत्तरी पर चर्चा

### ● महापौर सुनीता दयाल ने बुलाई दो दिवसीय बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम में छह कार्यकारिणी सदस्यों का कार्यकाल कुछ समय पहले समाप्त हुआ था। तो वहीं उपाध्यक्ष रहे राजीव शर्मा का भी उस लिस्ट में नाम आ गया था। अब सूत्रों से जानकारी मिली है कि महापौर ने दो दिवसीय सदन की बैठक बुलाई गई है। जिसमें 19 जुलाई को 6 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होना है।

तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि इसी दिन नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव हो जाएगा। इसके बाद 20 जुलाई को नगर निगम में कर बढ़ोत्तरी को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। उधर सूत्रों से जानकारी मिली है कि नगर निगम के कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने और उपाध्यक्ष को लेकर भारतीय जनता पार्टी भी पूरी भीतर ही भीतर तैयारी चल रही है। उपाध्यक्ष पद के लिए ओबीसी फैक्टर का कार्ड लगभग तय बताया जा रहा है। तो वहीं कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने के लिए भी रणनीति बन चुकी है। अब देखना होगा 19 को नाम किसकास आता है और शपथ कौन लेता है।



### देखना होगा कार्यकारिणी में विपक्ष को कितना मिलेगा वेट




**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद नगर निगम की कार्यकारिणी से जिन 6 सदस्यों को हटाकर शेष लोगों की सूची है, उसमें केवल विपक्ष से अजय शर्मा ही एकमात्र नाम बचे हैं। देखना होगा कि 19 जुलाई को होने वाली कार्यकारिणी की बैठक और चुनाव के बाद विपक्ष का कौन सा फेस है जो कार्यकारिणी में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहता हैं। बता दें कि बीते दिनों कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिन 6 लोगों को हटाया गया था, उसमें से विपक्ष के रूप में निर्दलीय पार्षद धीरेंद्र यादव उर्फ बिल्लू पार्षद ,आदिल मलिक बाहर हुए थे। अब देखना होगा कि विपक्ष के किस पार्षद का कार्यकारिणी की लिस्ट में नाम आता है। मौजूदा कार्यकारिणी में केवल अजय शर्मा के सिवा विपक्ष का कोई फेस शेष नहीं है।

### चुने जाएंगे 6 कार्यकारिणी सदस्य

**करंट क्राइम ।** नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को जो नगर निगम का सदन बुलाया गया है, उसमें 6 कार्यकारिणी सदस्य चुने जाएंगे। बताया जा रहा है कि इसमें सबसे बड़ी संख्या में भाजपा के ही सदस्य चुने जाएंगे। इनकी संख्या चार या उससे अधिक भी हो सकती है। इन सभी का कार्यकाल लगभग 1 साल का रहेगा। देखना होगा कि 19 जुलाई को किसके नाम पर सहमति बनती है या किसके नाम की पर्ची निकाली जाएगी।

## पार्किंग ठेकों की नीलामी के लिए दो पार्षदों को किया गया नामित







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेयर सुनीता दयाल ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है और बताया है कि 24 जुलाई को होने वाली पार्किंग की नीलामी खुली बोली के लिए दो पार्षदों को नामित करने का अनुरोध किया गया था।

दो पार्षदों के नाम महापौर कार्यालय से नगर आयुक्त को भेज दिये गये हैं। वार्ड 24 महरौली के पार्षद पवन कुमार गौतम और वार्ड 74 वसुंधरा के पार्षद नरेश भाटी को विभिन्न स्थलों के पार्किंग ठेकों की नीलामी की निविदा खुली बोली के माध्यम से सम्पन्न कराने हेतु नामित किया गया है। 24 जुलाई को जब दोपहर 1 बजे नगर निगम सभागार कक्ष में विभिन्न पार्किंग स्थलों की निविदा नीलामी खुली बोली की कार्यवाही होगी तो इस प्रक्रिया में पार्षद पवन कुमार गौतम और पार्षद नरेश भाटी नगर निगम द्वारा नामित सदस्य के रूप में इस प्रक्रिया में भाग लेंगे।

# क्यों उठने लगी है भगवागढ़ के सियासी गलियारों में ये आवाज

### जब संख्या बल में हमारी है भागीदारी तो दलित चेहरे कब तक रहेंगे नजरअंदाज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव से पहले एक सर्वे हुआ और इस सर्वे की रिपोर्ट ने संदेश दे दिया कि किस समाज के कितने वोट हैं। रिपोर्ट को लेकर बिरादरी के लोग कुछ भी कहें, रिपोर्ट को लेकर अलग अलग जातियों के नेता कुछ भी कहें, लेकिन इस रिपोर्ट के बाद इतना तो तय हो गया कि भगवागढ़ में दलित वोट निर्णायक संख्या में है और उनकी सबसे बड़ी भागीदारी है। अब इस रिपोर्ट के बाद भगवागढ़ के सियासी गलियारों मे ये आवाज उठनी शुरू हो गई है कि जब संख्याबल में हम ज्यादा हैं तो फिर हमारी हिस्सेदारी उस स्तर पर क्यों नहीं हो रही जहां होनी चाहिए। ये आवाज उठ रही है कि जिसकी जितनी संख्यावारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। भाजपा के दलित चेहरे भी अब अपनी सियासी भागीदारी को लेकर एक्टिव हो गये हैं। वो उदाहरण दे रहे हैं और बता रहे हैं कि लोकसभा, राज्यसभा, एमएलसी, एमएलए और मेयर सीट पर एक ही समाज के चेहरों को टिकट दिये जाने का क्या मतलब है। उनका कहना है कि अगर संख्या बल में हम ज्यादा हैं तो हमारी राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। हमें कब तक नजर अंदाज किया जायेगा। वो दिन कब आयेगा जब विधान सभा, विधान परिषद, लोकसभा, राज्यसभा में किसी दलित चेहरे को टिकट दिया जायेगा।

### वो दे रहे हैं तर्क भाजपा को करना चाहिए था दलित वोट पर वर्क

**करंट क्राइम।** भगवागढ़ के दलित नेता फिलहाल खुलकर मोर्चा नहीं खोल रहे हैं लेकिन अब उनके तेवर इंकलाबी होने लगे हैं। वो तर्क दे रहे हैं अगर भाजपा लोकसभा चुनाव में दलित वोटों पर फोकस करती, इन बस्तियों में वर्क करती तो ये वोट हाथी से छिटक कर कांग्रेस और सपा पर ट्रांसफर नहीं होता। लेकिन यहां विपक्ष एक माहौल बनाने में कामयाब रहा और भाजपा ने अपने दलित चेहरों को दलित बस्तियों में उतारा ही नही। नतीजा ये हुआ कि सियासी कश्ती में किनारा ही नहीं मिला।

### जीडीए बोर्ड से लेकर दर्जा प्राप्त मंत्री वाले आयोग में मिले स्थान




**करंट क्राइम।** दलित भागीदारी को लेकर सवाल उठा है। दलित नेताओं का ये कहना है कि जब विपक्ष की सरकारें आयेंगी। लेकिन अभी सवाल भाजपा से है। भाजपा अपने स्थानीय दलित नेताओं को कब मौका देगी। अगर विधान परिषद, विधान सभा, लोकसभा और मेयर का टिकट नहीं दे सकते तो कम से कम यहां के लाईफ टाईम भाजपा नेताओं को जीडीए बोर्ड सदस्य बना सकती है। आयोग में दर्जा प्राप्त मंत्री बना सकती है। बाल्मिकी समाज से प्रदीप चौहान एक मात्र ऐसा चेहरा हैं जिनकी उम्र भाजपा का झंडा उठाने में बीती है। इस चेहरे को आयोग में कब स्थान मिलेगा। जीडीए बोर्ड मैम्बर अशोक संत को भी बनाया जा सकता है। नामित पार्षद के लिए सुशील गौतम को भी लिया जा सकता है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिए भी कोई दलित चेहरा आ सकता है। सवाल यही है कि भाजपा के लोकल दलित चेहरों को सत्ता में भागीदारी कब मिलेगी। उन्हें आयोग वाली जिम्मेदारी कब मिलेगी।

### वो गिना दें अपने 100 लीडर हम कर लेंगे उन्हें उम्मीदवार के रूप में कंसीडर

**करंट क्राइम।** भगवा फोर्ट में सर्वे रिपोर्ट के बाद एक समाज में खलबली मची है। वो कभी रिपोर्ट को फेक बता रहे हैं तो कभी अपनी बिरादरी के वोट गिना रहे हैं। यहां पर चुटकी भी भाजपा के दलित नेता ने ली है। उन्होंने कहा कि हम दस हजार वोट वालों को नाराज नहीं करना चाहते। लेकिन इतना जरूर कहना चाहते हैं कि वो एक मंच पर अपनी बिरादरी के 100 लीडर अगर गिनवा दें तो हम उन्हें उम्मीदवार ही कंसीडर कर लेंगे। टिकट मांगना सबका हक होता है और हिस्सेदारी होनी भी चाहिए लेकिन हमारा इतना कहना है कि दस हजार वालों को तो नैतिक आधार पर ही बड़ा टिकट नहीं मांगना चाहिए।

# कलेक्ट्रेट से गोविंदपुरम तक ग्रीन बेल्ट में लगेंगे 15000 हरे भरे पौधे

## नगर आयुक्त ने निगम क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाने का बनाया है प्लान

### वायु प्रदूषण की स्थिति सुधारने के साथ ग्रीनरी बढ़ाने पर है अधिकारियों का ध्यान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद की आबोहवा को सुधारने के साथ ही यहां ग्रीनरी को बढ़ाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने एक प्लान बनाया गया है। जिसके तहत जल्द ही गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी में 20 जुलाई को वन महोत्सव मनाया जाना है। जिसके तहत 40 करोड़ हरे पौधे लगाए जाएंगे। इसी अभियान के तहत गाजियाबाद में कलैक्ट्रेट से लेकर गोविंदपुरम तक ग्रीन बेल्ट में लगभग 15000 पौधे रोपे जाने हैं। इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज ने हरियाली का प्लान बनाया है। जिसके तहत शनिवार को दोनों ही अधिकारियों ने इसका निरीक्षण किया और विभाग के कर्मचारियों को आगे के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



### ग्रीन बेल्ट से लेकर सोसायटी तक के पार्क होंगे विकसित

**करंट क्राइम ।** अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में जो एक लाख पौधे लगाने का अभियान चल रहा है। उसके तहत स्थानीय पार्षदों और निजी संस्थाओं की जिम्मेदारी के साथ भूमिका बनाई गई थी। साथ ही सार्वजनिक स्थान, पार्कों, ग्रीन बेल्ट, विद्यालय, सरकारी कार्यालय और निजी संस्थानों में भी गड्ढे खोदने के बाद वहां पौधे लगाने का अभियान चल रहा है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि गाजियाबाद को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि हरियाली अधिक होगी, तो वायु प्रदूषण का स्तर कम होगा। लोगों को बेहतर वायुमंडल का माहौल मिले ऐसी अधिकारियों की प्लानिंग है।



### छायादार पौधों से लेकर फलों के पेड़ भी लगेंगे

**करंट क्राइम ।** कलैक्ट्रेट से लेकर गोविंदपुरम तक की जो ग्रीन बेल्ट है, उसमें दोनों तरफ नगर निगम के अधिकारियों की ओर से गड्ढे करवाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। यहां 20 जुलाई तक बड़ी संख्या में हरे छायादार और फल देने वाले पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही इनकी देखरेख के लिए भी मालियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बताया गया है कि इस पूरे मार्ग में लगभग 15000 पौधे लगाए जाएंगे। जिससे हरियाली बढ़ाने के साथ ही सुंदरता भी प्रदर्शित की जा सके।

### शहर बनेगा सुंदर और हराभरा : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम ।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि शहर को सुंदर व हराभरा बनाने के लिए उद्यान प्रभारी नगर निगम डॉक्टर अनुज के साथ उन्होंने शनिवार को निरीक्षण किया था। यहां गुणवत्ता वाले छायादार व फल वाले पौधे लगाने का प्लान बना है। जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा ताकि गाजियाबाद की वायु का प्रदूषण कम हो और हरियाली की मात्रा को बढ़ाया जा सके। अभी बारिश का सीजन चल रहा है ऐसे में पेड़ आसानी से जड़ पकड़ लेते हैं इसलिए आगामी सप्ताह में यह पूरा अभियान हो जाएंगा।

## संपादकीय

# उफ ये पानी

दिल्ली के बवाना में जिस नहर के तटबंध टूटने से पानी भरा है, वह हरियाणा के करनाल से यमुना नदी से निकलने वाली मुनक नहर का हिस्सा है। इससे नई दिल्ली के बवाना में जेजे कॉलोनी के कुछ हिस्सों में घुटनों तक जलभराव हो गया। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों से कभी लोगों के पानी के लिए तरसने की खबर आती है, तो कभी यहां के कुछ क्षेत्रों में पानी भर जाता है। पिछले महीने दिल्ली के कई हिस्सों में पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया था। तब दिल्ली सरकार का कहना था कि हरियाणा से यमुना में उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। अब यमुना की एक नहर में इतना पानी आ गया कि दिल्ली के बवाना में तटबंध टूट गए और आसपास के क्षेत्र जलमग्न हो गए। यहां लोगों के लिए पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि बाढ़ से जलशोधन संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। सरकार इस समस्या से जल्द निजात दिलाने का दावा कर रही है, लेकिन क्या समय रहते इस खतरे को टाला नहीं जा सकता था? दरअसल, हर साल बरसात में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली में बाढ़ का खतरा बना रहता है।

पिछले साल भी यमुना के उफान से राजधानी के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। जब सब कुछ पहले से अंदाजा रहता है, तो बाढ़ से बचने के दीर्घकालिक उपायों पर काम क्यों नहीं किया जाता? दिल्ली के बवाना में जिस नहर के तटबंध टूटने से पानी भरा है, वह हरियाणा के करनाल से यमुना नदी से निकलने वाली मुनक नहर का हिस्सा है। दिल्ली सरकार का तर्क है कि इस नहर की देखरेख का जिम्मा हरियाणा सरकार का है पर जो नहर दिल्ली से होकर जा रही है, क्या उसकी निगरानी करने का कर्तव्य यहां के शासन-प्रशासन का नहीं बनता है? दिल्ली सरकार का कहना है कि संबंधित इलाकों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के बाद हरियाणा सरकार के साथ मिलकर नहर के क्षतिग्रस्त होने के कारणों की जांच की जाएगी।

अगर इस नहर की नियमित निगरानी की जाती, तो इसके तटबंध टूटने से बचाने के उपाय समय रहते किए जा सकते थे। आशंका है कि ज्यादा बरसात के समय यमुना और इससे निकलने वाली नहरों में जलस्तर और खतरनाक रूप ले सकता है। ऐसे में दिल्ली और हरियाणा सरकारों को बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।

# अर्थव्यवस्था में तेजी का असर, भारत का सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में स्कोर बढ़ा




**नई दिल्ली।** भारत का सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) स्कोर 2023-24 में बढ़कर 71 हो गया है, जो कि 2020-21 में 66 था। एसडीजी स्कोर बढ़ने की वजह गरीबी में कमी आना, पर्याप्त काम उपलब्ध होना, पर्यावरण के लिए एक्शन और अन्य कारणों में सुधार होना है। नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स में यह जानकारी दी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, जन धन, आयुष्मान भारत - पीएमजेएवाई, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएम-मुद्रा योजना, सौभाग्य और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं से तेज विकास देखने को मिला है। नीति आयोग इंडेक्स में सभी राज्यों के स्कोर में सुधार देखने को मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 से लेकर 2023-24 में सबसे ज्यादा सुधार उत्तर प्रदेश में हुआ है। देश के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राज्य के एसडीजी स्कोर में 25 अंक का इजाफा हुआ है। जम्मू और कश्मीर का स्कोर 21 अंक, उत्तराखंड का स्कोर 19 अंक, सिक्किम का स्कोर 18 अंक, हरियाणा का स्कोर 17 अंक, असम, त्रिपुरा और पंजाब में प्रत्येक का स्कोर 16 अंक, मध्य प्रदेश और ओडिशा में प्रत्येक का स्कोर 15 अंक बढ़ा है। देश के 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश फ्रंट-रनर कैटेगरी में थे। इसमें 10 नए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हुए हैं, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मणिपुर, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव हैं। 2023-24 में राज्यों का स्कोर 57 से 79 के बीच रहा है। 2018 में यह 42 से 69 के बीच था। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा है कि सरकार की ओर से लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के कारण एसडीजी में तय किए गए 16 गोल में सुधार देखने को मिला है। उन्होंने आगे कहा कि भारत केवल सही ट्रैक पर ही नहीं है, बल्कि एसडीजी में तय किए गए अपने लक्ष्य से आगे चल रहा है। सरकार को उम्मीद है कि 2030 से पहले हम लक्ष्य की प्राप्ति कर लेंगे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है उद्योग जगत का भविष्य: विशेषज्ञ



**पेरिस।** विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि मानव केंद्रित मोबाइल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ही उद्योग जगत का भविष्य है और यूजर्स के लिए हाइब्रिड एआई सर्वश्रेष्ठ संभावित मोबाइल एआई अनुभव हासिल करने का एकमात्र तरीका है। एआई सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि केवल अच्छे काम करने के लिए नवाचार करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी के साथ ऐसा करना भी उतना ही जरूरी है। सैमसंग के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के ईवीपी और मोबाइल आरएंडडी कार्यालय के प्रमुख वोन-जून चोई ने कहा, हमने कुछ ही महीनों में गैलेक्सी एआई को डेमोक्रेट बनाया है और अधिक मॉडल व फॉर्म फैक्टर तक अपनी पहुंच बढ़ाई है। हमारे उद्योग भागीदारों के सहयोग और हाइब्रिड एआई के लिए हमारे विशिष्ट अप्रोच के माध्यम से यह उपलब्धि संभव हुई है। ताकि यूजर्स को सबसे व्यावहारिक, विश्वसनीय और मोबाइल एआई अनुभव प्रदान किया जा सके। वहीं, गोल्डस्मिथ्स यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के डॉ. क्रिस ब्राउर के अनुसार, यह एआई और संकेतकों के बीच संबंधों की खोज और समझने का पहला चरण है। जिन्हें हम जानते हैं कि वे किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता से संबंधित हैं। क्रिस ब्राउर ने आगे कहा, हमने जिन प्रमुख संकेतकों पर ध्यान दिया, वे रचनात्मकता, उत्पादकता, शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक संबंध से संबंधित थे। हमने पाया है कि एआई यूजर्स के लिए आने वाले समय में अपार संभावनाएं स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही हैं। गूगल के जेमिनी एक्सपीरियंस और गूगल असिस्टेंट की उपाध्यक्ष जेनी ब्लैकबर्न ने कहा कि सैमसंग जैसे भागीदारों से अत्याधुनिक मोबाइल उपकरणों के बिना हमारे विश्व स्तरीय प्लेटफार्मों की क्षमताओं का कम उपयोग होगा। उद्योग विशेषज्ञों ने जिम्मेदार एआई अनुभव बनाने पर भी विचार-विमर्श किया। अर्थशास्त्री और नीति विश्लेषक लूसिया रूसो ने कहा कि एआई पॉलिसी ऑब्जवेटरी नीति निमार्ताओं को विकास संग आगे बढ़ते रहने में मदद करेगी। हम सरकार और प्रमुख तकनीकी कंपनियों के लीडर्स के साथ सीधे काम करते हैं।

# म्यूचुअल फंड एनएफओ में जून में आया बंपर 14,370 करोड़ रुपये का निवेश



**मुंबई।** इक्विटी न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के लिए जून का महीना काफी अच्छा रहा। इस दौरान करीब 14,370 करोड़ रुपये का निवेश 11 नई इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में देखने को मिला है। इससे पहले जुलाई 2021 में चार एनएफओ ने 13,709 करोड़ रुपये जुटाए थे। 2024 की पहली छमाही में म्यूचुअल फंड्स की ओर से 30 एक्टिव इक्विटी स्कीम्स लॉन्च की गई है। पूरे 2023 में इनकी संख्या 51 थी। इस साल की शुरूआत से जून तक एनएफओ में 37,885 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जो कि पिछले पूरे वर्ष की अवधि में 36,657 करोड़ रुपये था। 2022 में कुल 27 एनएफओ लॉन्च हुए थे और इनमें कुल 29,586 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। इसके कारण बड़ी संख्या में म्यूचुअल फंड हाउस एनएफओ लेकर आ रहे हैं। मौजूदा समय में करीब सात एक्टिव और पैसिव इक्विटी एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हैं। एक्टिव एनएफओ में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ का एनर्जी अपॉर्चुनिटीज फंड, फ्रैंकलिन टेम्पलटन एमएफ का मल्टीकैप एनएफओ, और एडलवाइस एमएफ का बिजनेस साइकिल फंड शामिल हैं। एनएफओ में सबसे ज्यादा निवेश हाई-रिस्क कैटेगरी जैसे थीमेटिक में हो रहा है। इस पर चिंता जाहिर करते हुए पराग पारेख फाइनेंसियल एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और चेयरमैन, नील पारेख ने सोशल मीडिया पर कहा कि वाह!, नए एनएफओ की संख्या विशेषकर थीमैटिक फंड्स में इजाफा हुआ है। ये काफी डरावना है... सभी को सावधान रहने जरूरत है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में निवेश में लगातार इजाफा हो रहा है। जून में यह आंकड़ा 40,608 करोड़ रुपये पर था। मई में 34,697 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया था। इसमें 9,563 करोड़ रुपये का एनएफओ निवेश था। 2024 की शुरूआत से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 10 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दे चुके हैं।

# दिल्ली में सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा लोगों का बजट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बारिश के बाद एक ओर जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर सब्जियों के तेजी से बढ़ते दामों ने आम लोगों को रुला दिया है। पिछले कई दिनों से लोग बढ़ते दामों को लेकर परेशान हैं। राजधानी दिल्ली में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए रसोई का बजट मैनेज करना मुश्किल हो रहा है। कई इलाकों में टमाटर 100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच चुका है। टमाटर के अलावा भिंडी, प्याज और शिमला मिर्च जैसी सब्जियों के भी दाम आसमान छू रहे हैं। यहां सभी मंडियों में यही हालत है। रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली अदरक 280 रुपये किलो और हरा धनिया 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। आईएएनएस की टीम ने दिल्ली के दक्षिणपुरी मंडी में खरीदारों से बात की। एक महिला ने बताया कि दाम इतने ज्यादा हैं कि कुछ भी खरीदना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि लहसुन भी अब 50 रुपये पाव बिक रहा है। उन्होंने कहा, "अब सब्जियां खाना पहले से मुश्किल हो गया है। हर सब्जी हमारे बजट से बाहर हो गई है। पहले जो सब्जी हम आधा किलो तक लेते थे वह अब पाव भर ही खरीद पा रहे हैं। टमाटर के दाम भी आसमान छू रहे हैं। यह 70-80 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। आलू भी 40-50 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों के पीछे मानसून की मार हो सकती है, जिससे सब्जियों के दामों में इजाफा हुआ है। यहां टमाटर 100 रुपये प्रति किलो, हरी मिर्च 160 रुपये प्रति किलो, प्याज 50-60 रुपये प्रति किलो, आलू 40-50 रुपये प्रति किलो, धनिया पत्ता 300 रुपये प्रति किलो, बींस 200 रुपये प्रति किलो, फूलगोभी 160 रुपये प्रति किलो, अदरक 280 रुपये प्रति किलो और लहसुन 280 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है।

## राशिफल

**मेष :** जो लोग कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की योजना बना रहे हैं, उन्हें उसमें घबराना नहीं है, क्योंकि यह उनके लिए लाभदायक रहेगी।

**वृष :** आज का दिन कारोबार कर रहे लोगों के लिए कुछ परेशानी भरा रहेगा, क्योंकि उनकी कुछ अटकी हुई व चलती हुई योजनाएं फिर से रुक सकती हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहेगा। जो लोग किसी नए व्यवसाय को कर रहे हैं, उन्हें अपने मन में छोटे या बड़े की भावना नहीं रखनी है

**कर्क :** आज का दिन आपके सामने लाभ के कई अवसर लेकर आएगा, लेकिन आपको उन्हें पहचानकर उन पर अमल करना होगा, तभी आप उनसे लाभ कमा पाएंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से उत्तम रहेगा। अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर जो चिंता बनी हुई थी।

**कन्या :** आज आप अपने प्रियजनों की सेहत के प्रति चिंतित रहेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को उनका कोई साथी अपनी बातों में बहला-फुसलाकर कार्य नहीं करने देगा।

**तुला :** आज का दिन आप परोपकार के कार्य में व्यतीत करेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको व्यवस्थाएं में जूनियर से काम निकलवाने के लिए कोई ठोस प्लान तैयार करना होगा

**धनु :** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको विदेश में रह रहे परिजन से कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए कई प्रकार की उलझनें लेकर आएगा, जिनको लेकर आपका मन परेशान रहेगा और किसी कार्य में नहीं लगेगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रह सकता है। आपको मंजिल तक पहुंचने के लिए अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता है

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा। आपकी कोई खोई हुई चीज आपको प्राप्त हो सकती है, जिसके लिए आप परेशान रहेंगे।

## चुटकुले

पति और पत्नी में झगड़ा चल रहा था...!
पति – तुमसे शादी करने से अच्छा तो मैं कुंवारा ही रहता...!
पत्नी – मैंनें भी अपनी मां की बात मान ली होती, तो अच्छा होता...!
पति – क्या कहती थी तुम्हारी मां...?
पत्नी – कहती थी, मत कर इस लड़के से शादी...!
पति – हे भगवान, मैं आज तक उस भली औरत को बुरा समझता रहा, जो मुझे बचाना चाह रही थी...!

---

डॉक्टर – तुम्हें दवाई 10 बजे लेने को बोला है, तुम पांच बजे ही क्यों ले लेते हो...?
मरीज – दुश्मन पर तब वार किया जाना चाहिए, जब वो तैयार ना हो...!
डॉक्टर बेहोश... !

---

दो लोग ओं-ओं करके बातें कर रहे थे...!
मुझे उनपर दया ही आ रही थी कि वो गूंगे हैं... लेकिन
दोनों ने गुटखा थूक कर बात करनी शुरू कर दी...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर आपके पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने की कवायद तेज




**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर में विश्व स्तरीय क्रिकेट स्टेडियम बनाये जाने की कवायद तेज हो गई है। वर्ष 1988 में क्रिकेटर ऑफ द ईयर रह चुके गोरखपुर के नरेंद्र हिरवानी के नाम पर बनने वाले इस स्टेडियम में गोरखपुर समेत पूर्वांचल ही नहीं बल्कि बिहार के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। इसके निर्माण के साथ ही गोरखपुर, क्रिकेट स्टेडियम वाला यूपी का चौथा शहर बन जायेगा। 6 जुलाई को गोरखपुर पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस बाबत घोषणा कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार, करीब 100 एकड़ में बनने वाले इस स्टेडियम की जमीन के लिए सड़क, हवाई यातायात की कनेक्टिविटी को ध्यान में रखा जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि कानपुर, लखनऊ, वाराणसी के बाद उत्तर प्रदेश का यह चौथा अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम होगा। इसका लाभ न केवल गोरखपुर, बल्कि पूर्वांचल, यूपी की सीमा से लगे हुए बिहार और मित्र राष्ट्र नेपाल की खेल प्रतिभाओं को भी मिलेगा। बेहतर प्रशिक्षण के जरिए क्रिकेट खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूर्वांचल का नाम रोशन करेंगे। गोरखपुर में इस स्टेडियम के बनने से स्पोर्ट्स कारोबार में भी उछाल आएगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच शुरू होने पर स्पोर्ट्स टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी फायदा होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का खेलों से खास लगाव है। समय-समय पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से वह मिलते हैं और उन्हें सम्मानित करते हैं। कुछ दिनों पहले ही वे टी-20 विश्व विजेता टीम के हिस्सा रहे उत्तर प्रदेश के क्रिकेटर कुलदीप यादव से भी अपने आवास पर मिले थे। अगस्त 2021 में खिलाड़ियों के सम्मान में लखनऊ में खेल कुंभ का आयोजन भी हो चुका है। सीएम योगी लखनऊ में खेल एकेडमी बनाने एवं कुश्ती समेत दो खेलों को एडॉप्ट करने और 10 साल तक इनके वित्त पोषण की घोषणा भी कर चुके हैं। इतना ही नहीं, प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम से खेल विश्वविद्यालय भी बनवा रही है। गांव-गांव में खेल मैदान, ओपन जिम, गंगा के तटवर्ती गावों में गंगा मैदान बनाने के पीछे भी जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना ही मकसद है।

# जोकोविच के पास फाइनल में अल्काराज से बदला चुकाने का मौका



**लंदन।** नोवाक जोकोविच शुक्रवार को रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले आठवें विंबलडन खिताब पर कब्जा करने से एक जीत के करीब पहुंच गए, जब उन्होंने 25वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी के सपने को सीधे सेटों में समाप्त कर दिया और फाइनल में गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज से बदला लेने का मैच तय किया। दूसरे वरीय सर्बियाई खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 22 वर्षीय इतालवी के खिलाफ 6-4, 7-6(2), 6-4 से जीत हासिल की और अब पिछले साल के फाइनल के ब्लॉकबस्टर रीमैच में अल्काराज से भिड़ेंगे जिसमें स्पैनियार्ड ने पांच सेटों में जीत हासिल की थी। अल्काराज इससे पहले अपने पिछले साल के सेमीफाइनल के रीमैच में रूस के दानिल मेदवेदेव पर 6-7(1), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत के साथ फाइनल में पहुंचे थे। शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले में, जोकोविच ने महत्वपूर्ण क्षणों में बढ़त बनाई और प्रभावशाली रक्षा और निरंतरता के साथ मुसेटी के कोर्ट कौशल को विफल कर दिया। इटालियन ने तीसरे सेट में 0/40, 3-5 से तीन मैच प्वाइंट गंवाए, इससे पहले जोकोविच ने एक ब्रेक प्वाइंट बचाया और दो घंटे और 48 मिनट के बाद अपने 10वें विंबलडन फाइनल में पहुंच गए। अगर 37 वर्षीय सर्बियाई रविवार को रिकॉर्ड-25वीं बड़ी जीत हासिल करते हैं, तो वह विंबलडन इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन बन जाएंगे। जोकोविच,एटीपी हेड2हेड श्रृंखला में अल्काराज से 3-2 से आगे हैं, उस हार का बदला लेने और रोजर फेडरर के रिकॉर्ड आठ विंबलडन ताज की बराबरी करने के लिए उत्सुक होंगे। खिताबी मुकाबले से पहले सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि मौजूदा चैंपियन को हराने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने की जरूरत होगी। जोकोविच ने कहा, एक युवा खिलाड़ी के रूप में वह एक महान उदाहरण हैं, जिनका जीवन कोर्ट के अंदर और बाहर काफी संतुलित है। उनके परिवार में बहुत अच्छे मूल्य हैं और उनमें काफी करिश्मा है। 37 वर्षीय, जो रोजर फेडरर के आठ विंबलडन पुरुष एकल खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं, को लगता है कि अल्काराज अपने करियर में कई और ग्रैंड स्लैम जीतेंगे। वह इस खेल में हमारे द्वारा देखे गए सबसे महान 21-वर्षीय खिलाड़ियों में से एक है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम भविष्य में उससे बहुत कुछ देखेंगे। वह कई और ग्रैंड स्लैम जीतने जा रहा है, लेकिन उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में ऐसा नहीं होगा। जोकोविच ने पिछले साल अल्काराज के खिलाफ फाइनल हार को याद किया और रविवार को एक और रोमांचक लड़ाई की उम्मीद की। जोकोविच ने कहा, वह पहले ही मुझे यहां रोमांचक पांच-सेटर में हरा चुका है। मुझे (रविवार को) उससे कम की उम्मीद नहीं है। एक खिलाड़ी के रूप में वह पूर्ण है। उसे हराने के लिए मुझे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता की आवश्यकता होगी।

# आईसीसी के शीर्ष अधिकारी क्रिस टेटली, क्लेयर फर्लांग ने वार्षिक सम्मेलन से पहले इस्तीफा दिया



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटली और मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस के महाप्रबंधक क्लेयर फर्लांग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। टेटली और फर्लांग दोनों अमेरिका और वेस्ट इंडीज में ट्वेंटी-20 विश्व कप के आयोजन में शामिल थे। उनका इस्तीफा शोपीस इवेंट के समापन के कुछ सप्ताह बाद और 19 से 22 जुलाई तक कोलंबो में होने वाले आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन से पहले आया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, टेटली और फर्लांग ने पिछले व्यावसायिक चक्र के समापन पर अंतरराष्ट्रीय निकाय छोड़ने का निर्णय लिया था, लेकिन वे संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप के लिए पद पर बने रहे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि हालांकि दोनों ने कुछ समय पहले इस्तीफा दे दिया था, लेकिन वे व्यस्त कार्यक्रम चक्र में प्रभार के सुचारू परिवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए₹ कुछ और महीनों तक आईसीसी में रहेंगे। दोनों अधिकारी विशेष रूप से न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप मैचों की मेजबानी में निकटता से शामिल थे, जहां नासाउ काउंटी में रिकॉर्ड दिनों में एक अस्थायी स्टेडियम बनाया गया था। टूनार्मेंट के न्यूयॉर्क चरण के बाद संरचना को ध्वस्त कर दिया गया था, जिसमें अमेरिका को आवंटित 16 मैचों में से आठ मैचों की मेजबानी देखी गई थी। कोलंबो कॉन्क्लेव में, कई आईसीसी सदस्य न्यूयॉर्क मैचों के विषय को उठाने के लिए उत्सुक थे, जिसमें आयोजन स्थल पर ड्रॉप-इन पिचों के अनिश्चित व्यवहार के कारण खराब स्कोरिंग देखी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार यह पता चला है कि आईसीसी बोर्ड के एक प्रमुख सदस्य ने अन्य सदस्यों को लिखे पत्र में इस मामले को उठाया है। आमतौर पर जो अपेक्षा की जाती है उसके विपरीत, न्यूयॉर्क मैचों में उल्लेखनीय रूप से बहुत कम चौके और छक्के लगे। विजेता बनकर उभरी भारतीय टीम ने पिच की प्रकृति पर टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा कि सभी प्रतिस्पर्धी टीमों के लिए परिस्थितियां समान थीं।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का फाइनल: भारत-पाकिस्तान जबरदस्त भिड़ंत के लिए तैयार

**बर्मिंघम।** भारतीय चैंपियंस वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के ग्रैंड फिनाले में शनिवार को यहां एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान चैंपियंस से भिड़ेंगे। यह सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं है; यह कौशल, जुनून और इतिहास की एक विशाल प्रतियोगिता है। भारत और पाकिस्तान के बीच प्रतिद्वंद्विता पौराणिक है, जिसमें यादगार झड़पें दशकों से प्रशंसकों को रोमांचित करती रही हैं। 2007 टी20 विश्व कप में रोमांचक मुकाबलों से लेकर 2011 और 2019 वनडे विश्व कप में नाटकीय खेल तक, इन दोनों टीमों ने क्रिकेट प्रेमियों को अनगिनत पल संजोने के लिए दिए हैं। युवराज सिंह, सुरेश रैना और पठान बंधुओं जैसे दिग्गज खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम अनुभव और आक्रामक स्वभाव का मिश्रण लाती है। गतिशील रॉबिन उथप्पा द्वारा समर्थित उनका लाइनअप, हाई-ऑक्टेन क्रिकेट के शानदार प्रदर्शन का वादा करता है। दूसरी ओर, पाकिस्तान की टीम में यूनुस खान, शाहिद आफरीदी और शोएब मलिक जैसे दिग्गज मौजूद हैं जो अपनी मैच जिताने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं और अपनी ताकत दिखाने के लिए उत्सुक होंगे। पूरे टूनार्मेंट के दौरान, प्रशंसकों को रोमांचकारी प्रदर्शन देखने को मिले, उम्मीद है कि फाइनल मैचों की एक रोमांचक श्रृंखला का उपयुक्त चरमोत्कर्ष होगा। जैसे-जैसे क्रिकेट की दुनिया इस मुकाबले के लिए तैयार हो रही है, सीमा के दोनों ओर और दुनिया भर के प्रशंसक अविस्मरणीय क्रिकेट एक्शन की एक रात के लिए तैयार हैं। मैच रात 9 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगा और इसका सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा, जिसकी स्ट्रीमिंग फैन कोड पर उपलब्ध होगी।

# महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की मेंटॉर होंगी झूलन गोस्वामी



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स के साथ जुड़ेंगी। ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स ने महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग के लिए उन्हें अपना मेंटॉर नियुक्त किया है। नाइट राइडर्स द्वारा साझे किए गए बयान में गोस्वामी के हवाले से कहा गया है, ₹मेरे लिए इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं इस टूनार्मेंट में उनका हिस्सा बनने के लिए काफी उत्सुक हूं। मुझे मेंटॉर की भूमिका देने के लिए नाइट राइडर्स का धन्यवाद। गोस्वामी ने 2022 में महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह वर्तमान में महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच हैं। ट्रिनबैगो नैट राइडर्स की कप्तानी वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन के हाथों में है। नाईट राइडर्स ने अपने दल में इस बार जेमिमाह रॉड्रिग्स, शिखा पांडे, मेग लेनिंग और जेस जॉनासन को भी जोड़ा है। यह चारों खिलाड़ी महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलती हैं। गोस्वामी ने कहा, टीकेआर के साथ जुड़ने की मेरी शुरूआती चर्चा वेंकी मैसूर (केकेआर के सीईओ) के साथ हुई थी। प्रबंधन के मुख्य व्यक्ति होने के नाते जिस तरह से वह सभी का ध्यान रखते हैं, वो तारीफ के काबिल है।आईपीएल के दौरान कोलकाता में जिस तरह से वेंकी सर और शाहरुख खान ने मेरा स्वागत किया और मुझसे बात की, मैं उससे काफी खुश थी। महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग 21 से 29 अगस्त तक खेली जायेगी। गत विजेता टीकेआर के अलावा बारबाडोस रॉयल्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स इस टूनार्मेंट का हिस्सा होंगी। इस टूनार्मेंट में कुल सात मैच खेले जाएंगे और यह सभी टरुबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# यूरो फाइनल से पहले इंग्लैंड के राइस ने कहा... 'हम देश को गौरवान्वित करना चाहते हैं'



**बर्लिन।** इंग्लैंड के मिडफील्डर डेक्लान राइस का मानना है कि पुरुष टीम रविवार को यहां ओलंपियास्टेडियन में स्पेन के खिलाफ यूरो 2024 फाइनल में वास्तव में एक बड़ी ताकत₹ बनने के लिए महिला टीम से प्रेरणा ले सकती है। यूरो 2022 फाइनल में जर्मनी पर रोमांचक जीत के साथ महिला टीम द्वारा 56 साल के ट्रॉफी सूखे को समाप्त करने के बाद इंग्लैंड अपने पहले महाद्वीपीय पुरुष खिताब पर नजर गड़ाए हुए है। वेम्बली में इटली के खिलाफ पेनल्टी पर यूरो 2020 खिताब हारने के बाद गैरेथ साउथगेट की टीम टूनार्मेंट में अपना लगातार दूसरा फाइनल खेलेगी। राइस के हवाले से बीबीसी स्पोर्ट ने कहा, हमने देखा कि जब महिला टीम ने इसे जीता, तो इसका उनके और देश के लिए क्या मतलब था। मैंने आर्सेनल में कुछ लड़कियों को देखा और हम यही चाहते हैं। हम जीतना चाहते हैं और देश को गौरवान्वित करना चाहते हैं। हम एक और फाइनल में वापस आ गए हैं, जो अपने आप में इतिहास है, लेकिन अब हमारा लक्ष्य एक और फाइनल जीतने का है। हम सिर्फ फाइनल में पहुंचना नहीं चाहते हैं बल्कि उससे खुश होना चाहते हैं।" आर्सेनल के मिडफील्डर ने कहा, अब हम एक ऐसा देश बनना चाहते हैं जहां हम जीतें। हम आगे बढ़ना जारी रखना चाहते हैं और आने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए हम वास्तव में एक बड़ी ताकत बनना चाहते हैं। राइस इंग्लैंड की उस टीम का हिस्सा थे जो तीन साल पहले अपने पहले यूरो फाइनल में पेनल्टी पर इटली से हार गई थी। 25 वर्षीय खिलाड़ी के अनुसार, थ्री लायंस वेम्बली में अपने घरेलू दर्शकों के सामने जीत नहीं सके, लेकिन वे 2008 और 2012 के चैंपियन स्पेन को हराने के लिए दृढ़ हैं। राइस ने कहा, इटली को अपने घरेलू स्टेडियम में ट्रॉफी उठाने के लिए आगे बढ़ते हुए देखना एक फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में आपके साथ रहता है। हम जानते हैं कि पिछले फाइनल में हम शायद बस बैठे रहे और उतना आक्रमण नहीं किया जितना हमें करना चाहिए था। ऐसा कई बार नहीं होता है आप फाइनल में एक के बाद एक जाते हैं लेकिन खिलाड़ियों का यह समूह बहुत भूखा है। हम जानते हैं कि यह कठिन होने वाला है और हम जानते हैं कि आप स्पेन को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जो इतने सालों से एक शीर्ष देश रहा है। लेकिन मैंने कभी किसी समूह को इतना प्रेरित, प्रशिक्षण में और जिस तरह से हम एक-दूसरे के साथ बात करते हैं, नहीं देखा है। हर कोई इस मैच को जीतने के लिए उत्साहित है। डिफेंडर काइल वाकर ने राइस के विचारों को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि इंग्लैंड इस बार बेहतर तैयार है क्योंकि कई मौजूदा खिलाड़ी पहले भी फाइनल में खेल चुके हैं। वॉकर ने बीबीसी रेडियो 5 लाइव को बताया, वेम्बली की भावनाएं पूरी तरह से अलग थीं, जब आप सेंट जॉर्ज पार्क से बाहर निकल रहे थे तो मीलों तक लोग आपके नारे लगा रहे थे और आपका उत्साह बढ़ा रहे थे। उसने कहा, अब हम एक अलग मैदान पर हैं और शायद यह हमारे फायदे के लिए काम कर सकता है, जहां हम पर इतना दबाव नहीं है। लेकिन जिन लोगों और खिलाड़ियों ने पहले इन फाइनल का अनुभव किया है, हमें बड़े अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# मुझे टेस्ट में मौका मिलने का इंतजार है : आवेश



**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान को उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही भारतीय टीम के लिए सफेद जर्सी में खेलने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू स्तर पर उन्होंने अपनी गेंदबाजी से साबित भी किया है कि वह लंबे प्रारूप में भी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। आवेश ने बीसीसीआई.टीवी से कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए काफी उत्साहित हूं। क्योंकि मुझे वही एक प्रारूप लगता है, जहां मैं खुद को साबित कर सकता हूं। मैंने घरेलू स्तर पर अपनी स्टेट टीम (मध्य प्रदेश), इंडिया ए के लिए, दिलीप ट्रॉफी या देवधर ट्रॉफी में खेलने के दौरान वहां खुद को साबित भी किया है।

मैं उसी एक मौके का इंतजार कर रहा हूं। मुझे लाल गेंद से गेंदबाजी करना काफी पसंद है। मैं अपने स्टेट के लिए काफी गेंदबाजी करता हूं। एक दिन में मैंने कई बार 20-20, 25-25 ओवरों की गेंदबाजी की है। पूरे सीजन में मैं 300-350 ओवर डालता हूं। टेस्ट टीम में जगह बनाने की इच्छा के अलावा आवेश ने यह भी बताया कि वह बतौर गेंदबाज खुद में कहां सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह कप्तान को बतौर गेंदबाज एक ऐसा विकल्प देना चाहते हैं जो हर चरण में गेंदबाजी कर सके। मैं एक गेंदबाज के तौर हमेशा सुधार लाने की कोशिश करता हूं और कप्तान को एक फ्री हैंड देने की कोशिश करता हूं, ताकि वह मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करा सकें। मैं हर चीज अपने पक्ष में लाने की पूरी कोशिश करता हूं क्योंकि कप्तान को अगर एक ऐसा विकल्प मिल जाता है जो पावरप्ले, बीच के ओवरों और डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सके तब ऐसी स्थिति में उसके पास विकल्प बढ़ जाते हैं। मैंने अपनी गेंदबाजी में भी काफी मिश्रण करने के प्रयास किए हैं, जैसे मैंने लेग कटर भी डेवलप किया है, जिसे मैं वाइड लाइन के पास डालता हूं। भारत इस समय ज़िम्बाब्वे के दौरे पर है, जहां टीम इंडिया पांच टी20 मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है। इस दौरे के बाद भारत को 26 जुलाई से श्रीलंका में तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। इस दौरे पर भारतीय टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर भी भारतीय दल के साथ मौजूद रहेंगे। खुद आवेश लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल खेल चुके हैं और उस दौरान गंभीर भी इस टीम के मेंटॉर थे। आवेश ने आईपीएल के दौरान गंभीर के साथ के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, मैंने उनसे यह माइंडसेट सीखा है कि हमेशा विपक्षी टीम को हराने के लिए जाना चाहिए। हमेशा अपना 100 फीसदी देना चाहिए। वह हमेशा कम ही बात करते हैं। जब लखनऊ में थे, तो थोड़ी बात ही करते थे लेकिन हमें यह बताते है कि मैदान में जाकर हमें क्या करना है। वह हर खिलाड़ी को उसका एक रोल देते थे।वह एक टीम कोच हैं और वह यह चाहते हैं कि हर व्यक्ति अपना 100 फीसदी दे। आवेश ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में अब तक कुल आठ एकदिवसीय खेले हैं, जिसमें उन्होंने 5.54 की इकॉनमी से नौ विकेट लिए हैं। टी20 में उन्होंने अब तक खेले 23 मैचों में 25 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 9.06 और औसत 28.04 की रही है।

# आदित्य मोर ने अंडर-18 में जीते एकल और युगल खिताब



**चंडीगढ़।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के आदित्य मोर ने यहां सीएलटीए स्टेडियम में आयोजित एआईटीए-सीएलटीए नेशनल सीरीज अंडर-18 टेनिस टूनार्मेंट में एकल और युगल दोनों खिताब जीतकर अपना दबदबा बनाया। लड़कों के एकल फाइनल में, हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले 10वीं वरीयता प्राप्त आदित्य ने राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) के पंजाब के गुरबाज नारंग को 6-1, 6-3 से हराया। आरजीटीए के लड़कों ने ब्वायज वर्ग में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और चारों सेमीफाइनलिस्ट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। आरव चावला, जिन्होंने आदित्य मोर के साथ जोड़ी बनाकर युगल जीता, और तनुष घिल्डियाल दो अन्य सेमीफाइनलिस्ट थे। आदित्य ने आरव चावला के साथ मिलकर गुजरात के जेविन कनानी और महाराष्ट्र के नीरज रिंगनगांवकर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर युगल खिताब जीता। सेमीफाइनल में आदित्य और आरव की गैरवरीय जोड़ी ने शीर्ष वरीय मणिपुर के अश्वजीत सेनजाम और दिल्ली के रियान शर्मा को 6-2, 6-2 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

# पिछली 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों में टॉप पर भारतीय बल्लेबाज, जिम्बाब्वे सीरीज में भी कर रहा है कमाल

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने अगले टी20 विश्व कप की तैयारियां भी शुरू कर दी है, जो साल 2026 में होगा। इसके लिए भारत की युवा टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर पांच मैचों की सीरीज खेल रही है, जिसका तीसरा मुकाबला हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शनिवार को खेला जा रहा है। इस टीम में ऐसा भारतीय बल्लेबाज भी खेल रहा है जो पिछली 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों में सभी बल्लेबाजों पर भारी रहा है। ये खिलाड़ी हैं भारत के टॉप ऑर्डर के भरोसेमंद बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़। गायकवाड़ जिम्बाब्वे सीरीज में चार मैचों की 3 पारियों में 66.50 की औसत से 133 रन बनाकर टॉप पर हैं। गायकवाड़ ने पिछली 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों में 154 के तेज स्ट्राइक रेट के साथ 421 रन बनाए हैं। गायकवाड़ की मौजूदा फॉर्म ने बाकी बल्लेबाजों को पीछे छोड़ा हुआ है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने पिछली 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों में 391 रन बनाए हैं, और वे दूसरे नंबर पर हैं। आजम का स्ट्राइक रेट 130 का ही है। भारत के पूर्व टी20 कप्तान रोहित शर्मा पिछली 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों में 378 रन बनाने के साथ तीसरे स्थान पर हैं, रोहित ने ये रन 162 के स्ट्राइक रेट के साथ बनाए हैं, जो इस लिस्ट में मौजूद सभी बल्लेबाजों से ज्यादा है। ऑस्ट्रेलिया के तूफानी ओपनर ट्रेविस हेड 157 के स्ट्राइक रेट के साथ अंतिम 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों में 357 रन बनाकर चौथे नंबर पर हैं। भारत के मिस्टर 360 डिग्री सूर्यकुमार यादव इस दौरान 149 के स्ट्राइक रेट के साथ 355 रन अपने नाम कर चुके हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर ने इन 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय पारियों में 160 के स्ट्राइक रेट के साथ 348 रन बनाए हैं और वे छठे नंबर पर हैं। इस तरह से गायकवाड़ इस समय प्रचंड फॉर्म से गुजर रहे हैं।

# 22 साल पहले लॉर्ड्स में मिली वो जीत, जिसने टीम इंडिया में आक्रामकता और आत्मविश्वास का संचार किया



**नई दिल्ली।** आज से ठीक 22 साल पहले भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा गया था। सौरव गांगुली की कप्तानी में युवा भारतीय टीम ने इंग्लैंड के मैदान लॉर्ड्स में नेटवेस्ट ट्रॉफी फाइनल में शानदार जीत दर्ज की थी। ये जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं थी, बल्कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव का संकेत था। भारत उस समय विदेशी धरती पर क्रिकेट में बड़ी जीत की तलाश कर रहा था। टूनार्मेंट की तीसरी टीम श्रीलंका थी जो बाहर हो चुकी थी, और इंग्लैंड को फाइनल में हराना टीम इंडिया के लिए बड़ी चुनौती थी, क्योंकि भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड ने जीत के लिए 326 रनों का बड़ा टारगेट दिया था। तब टी20 क्रिकेट का वो जमाना नहीं था, जब 300 पार के टारगेट को आसान समझा जाता था। उस समय भारतीय टीम में युवाओं के दमखम ने फाइनल मुकाबले में ओवरसीज जीत को संभव बनाया। गांगुली की अगुवाई में इस मुकाबले में युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बड़े लक्ष्य के जवाब में कप्तान गांगुली और वीरेंद्र सहवाग की आक्रामक बल्लेबाजी ने शुरूआत से ही इंग्लैंड को दबाव में ला दिया, लेकिन टीम का मिडिल ऑर्डर धराशाई हो गया। दिनेश मोंगिया, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के विकेट सस्ते में गंवाने के बाद भारत के पास अब जीत के ज्यादा चांस नहीं थे। ऐसे में युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसे युवा बल्लेबाजों ने बड़ी जबरदस्त साझेदारी की। इन दोनों ने ऐसी पारियों का अंजाम दिया, जिसके बाद माना जाने लगा कि ये टीम बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी या उनके फ्लॉप होने पर भी अपने युवाओं को मैच विनर के तौर पर देख सकती है। कैफ और युवराज ने जिस स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए, वह उनकी बल्लेबाजी को और भी खास बनाता है। युवराज 63 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेलकर आउट हुए, तो कैफ ने 75 गेंदों पर नाबाद 87 रनों की पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। हालांकि युवराज के आउट होने के बाद एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने हरभजन सिंह और अनिल कुंबले के विकेट लेकर भारत को फिर से मुश्किल में डाल दिया था। लेकिन कैफ संयम के साथ अंत तक डटे रहे और भारत को एक ऐसी जीत दिलाई, जो भारतीय क्रिकेट के सबसे आइकॉनिक पलों में शुमार है। इस मैच में गांगुली की आक्रामक कप्तानी अपने चरम पर थी। उन्होंने लगातार टीम का मनोबल बढ़ाया और जीत के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में उनका जर्सी लहराना एक ऐतिहासिक पल बन गया। ये जीत भारतीय क्रिकेट के लिए भी एक टर्निंग पॉइंट थी। इसने टीम में आक्रामकता और आत्मविश्वास का संचार किया। आज भी इस जीत की लोकप्रियता किसी आईसीसी ट्रॉफी जीतने की तुलना में कम नहीं है।

# लोनी में बन रहा था नामी कम्पनियों का नकली देशी घी, नमक और चाय

## कम्पनी के प्रतिनिधि ने एक मकान पर छापा मारकर किया भंडाफोड़






नामी कंपनी के प्रतिनिधि ने एक मकान पर छापा मारकर किया भंडाफोड़

**लोनी,करंट क्राइम।** लोनी की अशोक विहार कॉलोनी में नामी कम्पनियों का नकली देशी घी, नकली चाय और नमक बनाया जा रहा था। कम्पनी के प्रतिनिधि ने पुलिस टीम के साथ मौके पर छापा मारकर इस धंधे का भंडाफोड़ किया है। मौके से करीब 1.5 टन तैयार नकली घी, पांच टन नमक और करीब दो टन टाटा चाय बरामद हुई है। जबकि भारी मात्रा में नकली रैपर, डिब्बे और थैलियां आदि पैकिंग मैटेरियल भी बरामद हुआ है।

एक कम्पनी के प्रतिनिधि संजय ने बताया कि उन्हें कुछ दिनों से मार्केट में एक नामी कम्पनी का नकली देशी घी बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। सुरागरशी करने पर पता चला कि लोनी की अशोक विहार कॉलोनी में नकली घी की पैकिंग की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को उन्होंने पुलिस टीम के साथ लोनी की अशोक विहार कॉलोनी में एक मकान पर छापा मारा तो वहां भारी मात्रा में नकली देशी घी पैक होता मिला। जबकि कई कम्पनियों के नकली देशी की पैंकिंग की जा रही थी। इसके अलावा नकली नमक और चाय की पत्ती की पैकिंग की जा रही थी। भारी संख्या में नकली रैपर, पैकिंग मैटेरियल और मशीन आदि बरामद हुई है। एक कम्पनी के प्रतिनिधि संजय ने बताया कि बागपत जनपद के बड़ोत के रहने वाले महबूब ने अशोक विहार कॉलोनी में एक मकान किराए पर लिया हुआ था जिसमें वह यह अवैध धंधा कर रहा था। महबूब को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### रोजाना करीब दो टन नकली देशी की सप्लाई बाजार में थी

कम्पनी के प्रतिनिधि संजय ने बताया कि महबूब प्रतिदिन करीब एक टन तथा दूसरी कम्पनियों का भी करीब एक टन नकली देशी घी बाजार में सप्लाई करता था। जबकि नकली नमक और चाय की पत्ती की सप्लाई भी टनों में कर रहा था।

### दिल्ली एनसीआर में थी सप्लाई

आरोपी महबूब ने बताया कि वह लोनी के अलावा, गाजियाबाद, बागपत, दिल्ली, हरियाणा तक नकली देशी घी और नमक तथा चाय की पत्ती की सप्लाई देता था।

### डालडा घी और रिफाइंड में एसेंन्स मिलाकर बनाता था देशी घी

संजय ने बताया कि मौके से डालडा घी और रिफाइंड के टिन बरामद हुए हैं। महबूब डालडा और रिफाइंड में एसेंन्स मिलाकर नकली देशी घी तैयार करता था जिससे देशी घी जैसी खुशबू आती थी। संजय ने दूसरी कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी सूचना दे दी है तथा अपनी तरफ से महबूब के खिलाफ लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। एसीपी सूर्यबली मोर्या का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर महबूब को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# तनाव के शिकार युवक ने फेंका धमकी भरा पत्र

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी स्थित एक धार्मिक स्थल परिसर में एक धमकी भरा पत्र मिलने से हड़कंप मच गया। पत्र में लाउडस्पीकर की आवाज कम ना होने पर लाशें गिनने की धमकी दी गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्र डालने वाले बीटेक कर चुके एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक काफी डिप्रेशन में चल रहा था। नगर की आदर्श नगर कॉलोनी में सुनहरी मस्जिद है। शनिवार सुबह के समय जब लोग मस्जिद परिसर में नमाज अदा करने के लिए गए तो कॉलोनी निवासी कलवा अहमद को एक पत्र मिला। जब उन्होंने पत्र पड़ा तो वह हक्के बक्के रह गए। पत्र में दूसरे समुदाय को सम्बोधित करते हुए लिखा था कि मेरी बात ध्यान से सुनो अगर मस्जिद से लाउडस्पीकर से आवाज आई तो लाशें गिनने के लिए तैयार रहना। जल्द से जल्द लाउडस्पीकर बंद होने चाहिए। इसके बाद वहां पर सैकड़ों लोग एकत्र हो गए और हंगामा करना शुरू कर दिया।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोंलकी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। इस मामले में वसीम बाबू एडवोकेट ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी मंसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि पत्र मिलने के बाद पुलिस की कई टीमों का गठन किया। जब पुलिस ने आदर्श नगर कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर युवक की तलाश शुरू की। पुलिस ने महज चार घंटे के अंदर ही धार्मिक स्थल पर पत्र डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम लक्ष्य त्यागी निवासी ब्रजविहार कॉलोनी बताया है। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हिंदू परिवार के पलायन की वीडियो का विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लिया संज्ञान

## पीड़ित महिला के घर पहुंचे, अपराधी कॉलोनी से फरार



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के निठोरा रोड स्थित कॉलोनी में एक समुदाय द्वारा हिन्दू परिवार को प्रताड़ित कर पलायन करने का दबाव बनाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर स्वयं कौशल्या नामक पीड़ित महिला के घर पहुंचे और परिवार से भेंट की। विधायक नंदकिशोर गुर्जर के पहुंचने की खबर पर अपराधी कॉलोनी छोड़ कर फरार हो गए। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस प्रशासन को पीड़ित परिवार से मारपीट करने वाले, पलायन का दबाव बनाने वाले सभी अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि अगर लोनी के किसी कॉलोनी में हिन्दू अल्पसंख्यक संख्या में हैं और मुस्लिम बहुसंख्यक संख्या में तो शांति से रहें, मिलजुल कर रहें, अन्यथा हिन्दू परिवार की तरफ आंख उठाने वाले उन्हें डराने धमकाने वाले उन पर धर्म बदलने जैसा दबाव बनाने वालों पर बुलडोजर चलाने में देरी नहीं की जाएगी।

# यूपी पुलिस में फेरबदल, 10 आईपीएस का ट्रांसफर



| क्र0 | अधिकारी का नाम व बैच | वर्तमान तैनाती | नवीन तैनाती |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री राजेश कुमार सिंह, आईपीएस-एसपीएस-2011 | पुलिस अधीक्षक, एटा। | पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर। |
| 2 | श्री श्याम नारायण सिंह, आईपीएस-एसपीएस-2013 | पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी। | पुलिस अधीक्षक, एटा। |
| 3 | श्री गौरव बंसवाल, आईपीएस-आरआर-2014 | पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण एवं सुरक्षा, उ0प्र0, लखनऊ। | पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी। |
| 4 | श्री अभिषेक, आईपीएस-आरआर-2015 | पुलिस अधीक्षक, शामली। | पुलिस अधीक्षक, बिजनौर। |
| 5 | श्री नीरज कुमार जादौन, आईपीएस-आरआर-2015 | पुलिस अधीक्षक, बिजनौर। | पुलिस अधीक्षक, हरदोई। |
| 6 | श्री ईराज राजा, आईपीएस-आरआर-2017 | पुलिस अधीक्षक, जालौन। | पुलिस अधीक्षक, गाजीपुर। |
| 7 | श्री राम सेवक गौतम, आईपीएस-एसपीएस-0 | पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर। | पुलिस अधीक्षक, शामली। |
| 8 | श्री केशव चन्द गोस्वामी, आईपीएस-एसपीएस-0 | पुलिस अधीक्षक, हरदोई। | पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय, लखनऊ। |
| 9 | डा0 ओमवीर सिंह, आईपीएस-एसपीएस-0 | पुलिस अधीक्षक, गाजीपुर। | पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ। |

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** यूपी पुलिस में तबादलों का दौर जारी है। योगी सरकार ने दस और आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। जारी आदेश के एटा, हरदोई, गाजीपुर, बिजनौर, शामली और जालौन के पुलिस अधीक्षकों बदल दिया गया। नई तैनाती में श्याम नारायण सिंह एटा के, अभिषेक बिजनौर के, नीरज कुमार हरदोई के, ईराज राजा गाजीपुर के, आईपीएस रामसेवक गौतम शामली के एसपी बनाए गए हैं। इसके साथ ही लखनऊ और वाराणसी कमिश्नरेट के भी फेरबदल हुए हैं।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोपी जेल भेजा



**लोनी, करंट क्राइम।** एक युवक छह वर्षीय बच्ची को खेलने के बहाने बहला फुसलाकर खाली प्लॉट में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लोनी बॉर्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे उसकी छह वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक 25 वर्षीय युवक बच्ची को खेलने के बहाने बहला फुसलाकर पास के खाली प्लॉट में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित बच्ची घर पहुंची तो उसके परिजनों को घटना की जानकारी हुई। बच्ची की मां ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई , पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# क्लीन एंड ग्रीन नोएडा के क्रियान्वयन के लिए कंसलटेंट का चयन होगा

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को नंबर 1 बनाने की तैयारियों में जुटा है। इसी को लेकर प्राधिकरण ने एक फैसला लिया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों के अनुसार नोएडा में क्या है और क्या होना चाहिए, इसके लिए कंसलटेंट का चयन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्राधिकरण ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दिया है। 2 करोड़ 86 लाख रुपये का आरएफपी जारी प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि क्लीन एंड ग्रीन नोएडा के क्रियान्वयन के लिए कंसल्टेंट का चयन किया जाना है। इसके लिए 2 करोड़ 86 लाख रुपये का आरएफपी जारी किया गया है। चयनित कंसल्टेंट सर्वेयर बताएगा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के नए मानकों के अनुसार शहर कितना तैयार है और कितने संसाधनों की जरूरत है। रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण करेगा काम प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बेहतर रैंकिंग पाने के लिए क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं, समेत अन्य बिंदुओं पर वह रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को देगा। रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण जरूरी काम करेगा। जिससे की नोएडा को जल्द से जल्द नंबर 1 बनाया जाए।

# युवक पर जानलेवा हमला किया

लोनी, करंट क्राइम। सब्जी लेकर घर लौट रहे युवक पर कॉलोनी के ही एक व्यक्ति ने पीछे से सिर पर डंडे से हमला कर जान से मारने की कौशिश की, हमले में युवक का सिर फट गया। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अंकुर विहार कॉलोनी निवासी गजेन्द्र कुमार का आरोप है कि आठ जुलाई को उसका भाई राजेन्द्र सब्जी लेकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान कॉलोनी के ही संजीव ने पीछे से सिर पर डंडे से वार कर उसको जान से मारने की कोशिश की जिससे उसका सिर फट गया और हाथ की हड्डी टूट गई। गजेन्द्र ने हमलावर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।




## थानों की रैकिंग कब होगी जारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नदियापार के एक थानेदार को रैंकिंग रिपोर्ट के आधार पर अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी थी, लेकिन उसके बाद से रैंकिंग रिपोर्ट वाला क्राइटेरिया खत्म बताया जाता है। उधर लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कुछ महीने पहले से लेकर एक महीने बाद भी अब तक कमिश्नरेट के थानों की रैंकिंग लिस्ट जारी नहीं की गई है। रैंकिंग लिस्ट जारी न होने के पीछे की वजह क्या है यह तो आलाधिकारी बता सकते हैं लेकिन इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा सुनाई दे रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वर्किंग को लेकर नंबर एक का गिफ्ट बहुत बार मिल चुका है लेकिन थानों की रैंकिंग ना आना भी पुलिसकर्मियों को सरप्राइज कर रहा है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में कब क्या हो जाए अभी यह स्थिति फिर बनी हुई है। बीते दिनों जिस प्रकार से एसीपी स्तर के अधिकारियों की फटाफट वाली लिस्ट आई थी, सूत्र बता रहे हैं कि नदियापार और देहात के कुछ प्रभारी के साथ भी ऐसी सिचुएशन बन सकती है। सुनने में आया है कि एक थाने के कई ऐसे मामले हैं जो लाइन वाले ऑफिस में जांच वाले घेरे में चल रहे हैं। बताया जा रहा है कई मामले तो बेवजह पेंडिंग चल रहे थे और कई मामलों में डिमांड वाला मामला भी सुनने में आया है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से जाने वाले अधिकारियों की फेयरवेल का मामला भी चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों एक और वरिष्ठ अधिकारी गाजियाबाद से चले गए लेकिन उनकी विदाई वाला ना तो कोई कार्यक्रम रखा गया और ना ही कोई फोटो सामने आया है। सूत्रों के अनुसार वैसे उनके विभागीय वाले अधीनस्थों ने अपने साहब को विदाई वाला गिफ्ट दे दिया, पर लाइन और पुलिस ऑफिस में होने वाला कार्यक्रम सोशल मीडिया पर कहीं पर भी नजर नहीं आया है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजिया बाद में यह तीसरी ऐसी ट्रांसफर पोस्टिंग और विदाई हुई जिसमें कोई कार्यक्रम कोई मिठाई और कोई कार्य नहीं रखा गया। इससे पहले दो आईपीएस अधिकारियों के साथ भी यह वाला मामला हो चुका है। तो वहीं सूत्र कह रहे हैं कि अभी यह वाला दौरा कई और अधिकारियों को भी देखने को मिलेगा। इन सबके बीच थानों की रैंकिंग को लेकर हलचल चल रही है कि किस थाने को जुलाई वाली रैंकिंग में कौन सा नंबर मिलता है और रैंकिंग के आधार पर आने वाले दिनों में उसके क्या परिणाम पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में सामने आते हैं।




# महिला ने ससुरालियों पर लगाया मारपीट का आरोप



**लोनी,करंट क्राइम।** एक महिला ने सास और ननदों पर मारपीट कर चिमटे से हाथ जलाने का आरोप लगाया है। जबकि पति ने पत्नी की शिकायत पर विश्वास नहीं किया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने की रामपार्क विस्तार कॉलोनी में रहने वाली एक महिला का आरोप है कि छोटी छोटी बातों को लेकर उसकी सास और ननदें गाली गलौच और मारपीट करती हैं। आठ जुलाई को भी सास नफीसा बेगम, ननद हसरीन और साजरीन ने मिलकर उसके साथ मारपीट की तथा चिमटे से हाथ जला दिए। उसने पति से शिकायत की तो उसके पति ने विश्वास नहीं किया बल्कि उल्टा उसको जान से मारने की धमकी देने लगा।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वार्ड- 74 में किया 45 लाखों के विकास कार्यों का उद्घाटन







**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शनिवार को साहिबाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में लाखों के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षद नरेश भाटी ने कैबिनेट मंत्री का फूलमालाओं से स्वागत किया।

वसुंधरा वार्ड- 74 के वसुंधरा सेक्टर-15 टाइप -1 में पार्क के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया जिसकी लागत कुल 9 लाख 90 हजार है वहीं सेक्टर 15 टाइप -2 के अंतर्गत सड़क के दोनों ओर टाइल्स का निर्माण कार्य किया गया जिसकी कुल लागत 17 लाख है। वैशाली सेक्टर 5 से लेकर सेक्टर-6 की पुलिस चौकी तक सड़क का निर्माण कार्य हुआ। इस निर्माण पर लागत 18 लाख पचास हजार आई है। उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्र का विकास युद्ध स्तर पर करने के लिए भाजपा की सरकार काम कर रही है।

मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवास योजना, उज्जवला योजना के अंतर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर बनवाये जा रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर पार्षद नरेश भाटी ने कार्यक्रम में आये सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। लोगों ने पार्षद द्वारा विकास कार्यों के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद आशा भाटी, पार्षद राजकुमार भाटी, आरडब्ल्यूए कपिल शर्मा, जीपी कौशिक, ओमवीर सिंह, आदेश , अंकित गर्ग, सुभाष सिंह, विजय गुप्ता, पुष्कर रावत, हिम्मत मेहर, वीरेंदर राणा, हंसराज आदि लोग मौजूद रहे।

# शेयर बाजार से मोटी कमाई के झांसे में आए बुजुर्ग, 85 लाख रुपये का चूना लगा





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साइबर क्रिमिनल लगातार सीधे-साधे लोगों को चूना लगा रहे हैं। सबसे ज्यादा साइबर क्राइम के मामले शेयर ट्रेडिंग में मोटी कमाई के नाम पर हो रहे हैं। यह भी देखने में आया है कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाका साइबर क्रिमिनल्स के लिए काफी मुफीद साबित हो रहा है। यहां एक बार फिर बुजुर्ग के साथ मोटी ठगी हुई है। पीड़ित से साइबरों ठगों ने 85 लाख रुपये की ठगी कर ली। शातिरों ने शेयर ट्रेडिंग से मोटी कमाई का झांसा देकर 65 वर्षीय बुजुर्ग की जीवन भर की कमाई ऐंठ ली। इस घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है। साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### सोशल मीडिया पर लिंक क्लिक करके फंसे कालरा


जानकारी के मुताबिक सुरेंद्र कुमार कालरा ने मुकदमा दर्ज कराया है कि ठगों ने उनसे 85 लाख रुपये का निवेश कराया और कमाई के नाम पर 16 लाख रुपये उनके खाते में लौटा भी दिए। कालरा को विश्वास आ गया कि सामने वाले बंदे सही हैं और वे जो कह रहे हैं वह भी सही है। ये उनके संपर्क में सोशल मीडिया से मिले एक लिंक के जरिए आए थे। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप में शामिल हो गए। इस ग्रुप पर शेयर ट्रेडिंग को लेकर टिप्स दिए जाने लगे। इनमें तीन सौ फीसदी तक मुनाफे का झांसा दिया गया था। जिसके लिए बुजुर्ग से एक एप इंस्टाल कराया गया। इतने मोटे मुनाफे की बात पर उन्हें लालच आ गया और एप इंस्टाल कर लिया और निवेश भी शुरू कर दिया।

### 85 लाख रुपये का निवेश, 16 लाख मिले

सुरेंद्र कालरा को उनके एकाउंट में तीन करोड़ रुपए की रकम शो हो रही थी। उन्हें तस्दीक करने के लिए इस राशि में से कुछ पैसे निकाले तो निकल गए। उन्हें यकीन हो गया कि वह गलत जगह पर निवेश नहीं कर रहे हैं। कुल 85 लाख रुपए निवेश कर दिए और पांच बार में कुल मिलाकर 16 लाख रुपये की राशि वे निकालने में कामयाब भी हो गए। उसके बाद रकम निकालने का प्रयास किया तो कालरा से पैसे की मांग की गई, तब जाकर उन्हें खुद के फंसने का एहसास हुआ।

# अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## सरकारी जमीन पर बनाए थे मकान, पुलिस बल रहा तैनात



**हापुड।** हापुड़ के चमरी में सरकारी भूमि पर बने मकानों पर शनिवार को नगर पालिका का बुलडोजर गरजा। बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। वहीं अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। नगर पालिका ने चमरी के पास अवैध कब्जा करने वाले मकानों को चिह्नित कर उन्हें नोटिस भेजकर और मकानों पर निशान लगाकर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसके बाद भी 50 से अधिक भवन स्वामियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। पिछले माह से नगर पालिका टीम बार बार मोहल्ले में जाकर अतिक्रमण करने वाले भवन स्वामियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दे रही थी। उसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। शनिवार को नगर पालिका टीम पुलिस बल के साथ चमरी में पहुंची और सरकारी भूमि पर बने भवनों पर बुलडोजर से ध्वस्त किया। वहीं सरकारी भूमि पर बने रैंप, चबूतरों का ध्वस्त किया। नगर पालिका की कार्रवाई से लोगों में खलबली मच गई। पुलिस बल रहा मौजूद वहीं इस दौरान हंगामे को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। ईओ मनोज कुमार का कहना है कि बार बार नोटिस और चेतावनी देने के बाद भी अतिक्रमण करने वाले भवन स्वामियों द्वारा सरकारी भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया था। इसके बाद नगर पालिका टीम ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

# नेपाल में आफत



# भूस्खलन में 6 भारतीय समेत 50 लापता

## एक का शव बरामद, बचाव में लगे 500 सुरक्षाकर्मी



**काठमांडू।** नेपाल में भूस्खलन में दो यात्री बसों के बहने के बाद से नेपाल के सुरक्षा बलों खोताखोर बचावकार्य में लग गए हैं। शनिवार को 50 से अधिक लोगों की तलाश शुरू की गई है। इनमें 7 भारतीय भी शामिल हैं। हालांकि एक भारतीय का शव बरामद किया जा चुका है। चितवन जिले में नारायण घाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल क्षेत्र में भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदीं में दो बस बह गईं थीं। 50 लोगों के लिए बचाव कार्य में लगभग 500 सुरक्षाकर्मी लगे हैं।

भारी बारिश के कारण नेपाल में भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के कारण दो बसें नदी में बह गईं। बीरगंज से काठमांडू की ओर जा रही एक बस में सात भारतीय नागरिकों सहित 24 लोग सवार थे और काठमांडू से गौर जा रही एक अन्य बस में 30 स्थानीय लोग सवार थे। नेपाल पुलिस ने बताया कि बस में सवार तीन लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। नेपाल पुलिस के अनुसार अभी भी लगभग 51 लोग लापता हैं। उनकी अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। नेपाल के सुरक्षा बलों के गोताखोरों की मदद से बचावकर्मियों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है। नेपाल पुलिस के अनुसार, तलाशी अभियान को फिर से शुरू करने के लिए नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस कर्मियों के साथ-साथ गोताखोरों को भी लगाया जा रहा है। पुलिस अधिकारी के अनुसार तलाशी अभियान में 500 से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल हैं।

**बीरगंज से काठमांडू की ओर जा रही बस में सात भारतीय नागरिकों सहित 24 लोग सवार थे**

नेपाल में बचावकर्मियों ने शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक का शव बरामद किया। पहला शव दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारत के ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत से आधा ढका हुआ मिला, उसके पास एक भारतीय पहचान पत्र था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम को तलाशी अभियान रोक दिया गया था। उन्होंने बताया कि रात में पानी का बहाव तेज था साथ ही वहां बहुत कीचड़ था, ऐसे में बचाव कार्य संभव नहीं हो पा रहा था। शनिवार सुबह 8 बजे तलाशी अभियान फिर से शुरू हुआ। पुलिस अधिकारी ने कहा, सभी संभावित स्थानों की तलाशी होगी, हम तलाशी और बचाव की हरसंभव कोशिश करेंगे।

### इन भारतीयों की तलाश जारी

अन्य लापता भारतीय नागरिकों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेन्द्र साह, आदित मियां, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। नेपाल के सुरक्षा बलों के गोताखोरों की सहायता से बचाव दल ने शनिवार को लापता व्यक्तियों की तलाश फिर से शुरू की।



**बढ़ रही हैं मौसम की घटनाएं :** बता दें कि नेपाल जलवायु संकट के प्रति दुनिया के सबसे संवेदनशील देशों में से एक है। पिछले डेढ़ दशक में यहां मौसम की घटनाएं हुई हैं। नेपाल में अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम की घटनाएं जैसे कम समय में अत्यधिक वर्षा, मानसून के बाद कई दिनों तक लगातार बारिश, शुष्क अवधि, सूखा, औसत से कम वर्षा और सामान्य से अधिक सर्दियों का तापमान आदि नेपाल में हो रही हैं।

---

भारतवंशी नेता को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का बड़ा बयान, कहा-

# 'उपराष्ट्रपति कमला हैरिस में देश का नेतृत्व करने की काबिलियत'

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पहली अश्वेत अमेरिकी और पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी और मौजूदा समय में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बड़ा बयान दिया है। जो बाइडन ने अपने बयान में कहा कि उनकी डिप्टी, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, देश का नेतृत्व करने के लिए योग्य हैं। एक हाई-स्टेक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडन ने कहा, शुरू से ही मैंने इस बारे में कोई संदेह नहीं किया। वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। इसलिए मैंने उन्हें चुना।



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन की जुबान फिसल गई थी। उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के रूप में उल्लेखित

### सीनेट में वो वास्तव में अच्छी थीं- बाइडन

वहीं जब जो बाइडन से इसके कारणों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, कि सबसे पहले जिस तरह से उन्होंने महिलाओं के शरीर की स्वतंत्रता के मुद्दे को उन्होंने संभाला है, उनके शरीर पर नियंत्रण है और दूसरे, बोर्ड में लगभग किसी भी मुद्दे को संभालने की क्षमता उनमें है। यह एक बेहतरीन सरकारी वकील थी। वह एक प्रथम श्रेणी की शख्यित हैं सीनेट में भी वह वास्तव में अच्छी थीं। बाइडन ने आगे कहा कि मैं उन्हें तब तक नहीं चुनता जब तक मुझे नहीं लगता कि वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं।

### बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव से हटने की हो रही मांग

उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर राष्ट्रपति जो बाइडन की टिप्पणी उस वक्त आयी है, जब 81 साल के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पिछले महीने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक टीवी बहस में लड़खड़ा गए थे। जिसके बाद से नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से उनके अलग होने की मांग बढ़ गई है।

**हाल ही में फिसली थी जो बाइडन की जुबान :** वहीं इससे पहले किया था, उन्होंने कहा, मैं ट्रम्प को उपराष्ट्रपति के रूप में नहीं चुनता, क्या मुझे लगता है कि वह राष्ट्रपति बनने के योग्य नहीं थीं।

हाई-स्टेक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो बाइडन ने आगे कहा कि सच्चाई यह है कि मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं।

मैंने उन्हें एक बार हराया और मैं उन्हें फिर से हराऊंगा। डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार जो बाइडन ने कहा, इस अभियान में अभी लंबा सफर तय करना है और इसलिए मैं आगे बढ़ता रहूंगा।

## बाइडन के चुनाव अभियान को लगा झटका

### वित्तदाताओं ने 90 मिलियन डॉलर वापस लिए


वाशिंगटन। चुनावी बहस में हार के कुछ दिनों बाद राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव अभियान को एक बड़ा झटका लगा है। उनके वित्तदाताओं के एक समूह ने पहले दिए गए योगदान से लगभग 90 मिलियन अमेरिकी डॉलर को ना देने का फैसला लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैश के रुकने से बाइडन के अभियान को झटका लगा है।₹ डेमोक्रेटिक दानदाताओं ने सबसे बड़े बाइडन समर्थक सुपर पीएसी फ्यूचर फॉरवर्ड को यह बताया है।

**बाइडन के समर्थकों की संख्या कम हुई :** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। वहीं राष्ट्रपति बाइडन के समर्थन में भारतीय-अमेरिकी समर्थकों के प्रतिशत में गिरावट देखने को मिली। हर दो साल होने वाले एशियाई-अमेरिकी वोटर सर्वे (एएवीएस) के अनुसार, 2020 के चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव में जो बाइडन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकी समर्थकों में 19 फीसदी की गिरावट हुई है।

**भारतीय-अमेरिकी समर्थन में गिरावट :** एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी के सर्वे के अनुसार, इस साल 49 फीसदी भारतीय-अमेरिकी नागरिक जो बाइडन के लिए मतदान कर सकते हैं। 2020 में यह आंकड़ा 65 फीसदी था। वहीं सर्वे ने बताया कि 30 फीसदी भारतीय-अमेरिकी नागरिक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए मतदान कर सकते हैं।

**बढ़ती उम्र को लेकर उठ रहे हैं सवाल**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में चार महीने का ही समय बाकी है, लेकिन डेमोक्रेट पार्टी अपने उम्मीदवार को लेकर दुविधा में है। दरअसल पार्टी में जो बाइडन को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने के खिलाफ उठे स्वर थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हालांकि बाइडन ने साफ किया है कि वही रेस में हैं, लेकिन अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स की मानें तो पार्टी के भीतर जो बाइडन के विकल्पों पर विचार शुरू हो गया है। खासकर बीते दिनों अटलांटा में हुई पहली बहस के बाद तो बाइडन की बढ़ती उम्र की चर्चा फिर से तेज हो गई है।



---

## गाजा हमले में 70 लोगों की मौत पर हमास ने लगाए आरोप

# 'यह इस्राइल का सुनियोजित किया हुआ नरसंहार है'

**गाजा।** गाजा शहर में हुए हमले में 70 लोगों की मौत के बाद हमास ने इस्राइल पर सुनियोजित नरसंहार करने का आरोप लगाया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमास के मीडिया कार्यालय के महानिदेशक इस्माइल अल-थावाब्ता ने दावा किया कि इस्राइली सेना ने पूर्वी गाजा शहर में हजारों फलस्तीनियों को पश्चिमी और दक्षिणी इलाकों में जाने का निर्देश दिया और फिर उनके पहुंचने पर उन पर गोलियां चला दीं।



**70 शव बरामद होने का दावा :** इस्माइल अल-थावाब्ता ने बताया कि बचाव दल ने ताल अल-हवा क्षेत्र से 70 शव बरामद किए हैं और कम से कम 50 लोग लापता हैं। थावाब्ता ने दावा किया कि 'कुछ विस्थापित लोग इस्राइली सेना की ओर इशारा करते हुए, सफेद झंडे लिए हुए थे और कह रहे थे, 'हम लड़ाके नहीं हैं, हम विस्थापित हैं।' लेकिन इस्राइली सेना ने इन विस्थापित लोगों को भी बेरहमी से मार डाला।' हमास के नेता ने आरोप लगाया कि 'इस्राइली सेना ने ताल अल-हवा में नरसंहार को अंजाम देने की योजना पहले से ही बना रही थी।' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस्राइल पर फलस्तीनियों के खिलाफ युद्ध को खत्म करने के लिए दबाव डालने की अपील की।

**संयुक्त राष्ट्र ने भी की निंदा :** संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने भी गाजा शहर में शवों की बरामदगी की निंदा की और इसे इस्राइल हमास संघर्ष का 'नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभाव' का एक और दुखद उदाहरण बताया।

संयुक्त राष्ट्र ने तत्काल युद्धविराम करने और सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई करने की अपील को दोहराया। दुजारिक ने कहा, 'जब तक यह संघर्ष चल रहा है, लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार चिकित्सा सहायता, भोजन, आश्रय देना असंभव है और युद्ध में मारे जा रहे लोगों को सम्मानजनक अंतिम संस्कार भी देना असंभव है।'

## लोग भूख से मर रहे : संयुक्त राष्ट्र



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि 'लोग अभी भूखे हैं। लोगों को पानी की जरूरत है। लोगों को चिकित्सा सहायता की जरूरत है। और यही वह काम है जो हम युद्ध क्षेत्र के बीच में करने की कोशिश कर रहे हैं।' अक्टूबर में गाजा पर इस्राइल के हमलों के शुरू होने के बाद से पश्चिमी सीमा पर भी हिंसा में वृद्धि देखी गई है। फलस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी सीमा पर इस्राइली सेना और वहां बसने वाले लोगों द्वारा कम से कम 553 फलस्तीनियों को मार दिया गया है। गौरतलब है कि इस्राइल के कब्जे वाली पश्चिमी सीमा पर लगभग 30 लाख फलस्तीनी रहते हैं, साथ ही वहां 100 से अधिक बस्तियों में 500,000 से अधिक इस्राइली भी रहते हैं।

---



# पाक ने गेहूं आयात और आटा निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सरकार ने शुक्रवार को गेहूं के आयात और आटे के निर्यात पर प्रतिबंध दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि देश के गेहूं बाजार को विनियमित करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। यह निर्णय तब लिया गया जब यह निर्धारित किया गया कि देश ने आवश्यकता से अधिक गेहूं का आयात किया है, जिससे अधिशेष हो गया है।

**मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि बेतहाशा कर्ज होने से जरूरी चीजों के दाम बढ़े**

### आयात-निर्यात नीति 2022 में किया संशोधन

एरी न्यूज के मुताबिक सरकार ने प्रतिबंध को लागू करने के लिए अपने आयात और निर्यात नीति आदेश 2022 में संशोधन किया है, जिसमें आयातित गेहूं से बने आटे के निर्यात पर प्रतिबंध भी शामिल है।

इससे पहले मार्च में सरकार ने निर्यात सुविधा योजना 2021 के तहत आयातित गेहूं से बने आटे के निर्यात की सशर्त अनुमति दी थी। लेकिन 10 जुलाई को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली को बताया कि सरकार ने गेहूं के निर्यात पर निर्णय नहीं लिया है, भले ही राज्य के स्वामित्व वाले उद्यम (शासन और संचालन) विधेयक, 2024 को विधायिका के माध्यम से पारित किया गया हो।

पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था लगातार जर्जर होती जा रही है और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) समेत कई देशों का कर्जदार होने के चलते देश महंगाई के जंजाल में फंसता जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, संवेदनशील मूल्य सूचकांक (एसपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में लगातार चौथी साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण सब्जियों व खाद्य पदार्थों की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि है।

**पाकिस्तान में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 50 अरब रुपये का राहत पैकेज :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 50 अरब रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है।

दरअसल, पाकिस्तान में बिजली के दाम बढ़ाए गए थे और इस वजह से आर्थिक तंगी से जूझ रही शहबाज शरीफ सरकार को कई तरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। इस्लामाबाद में ऊर्जा क्षेत्र में सुधार के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें शहबाज शरीफ ने कहा कि यह राहत राशि उन उपभोक्ताओं के लिए है, जो प्रति महीने 200 यूनिट से अधिक बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं।

---

# भारतीय युवा अमेरिका में आठ दिन से लापता

## सात दोस्तों के साथ सिद्धांत पाटिल गया था मोंटाना राज्य में ग्लेशियर नेशनल पार्क

वाशिंगटन। भारतीय युवा सिद्धांत पाटिल सात अन्य दोस्तों के साथ अमेरिका के मोंटाना राज्य में ग्लेशियर नेशनल पार्क गए थे। बीते छह जुलाई को पार्क में गए सिद्धांत लापता हो गए हैं। परिजनों ने घर के इकलौते चिराग सिद्धांत को तलाशने में तत्काल मदद मांगी है। रिपोर्ट के मुताबिक पार्क में हाइकिंग के दौरान सिद्धांत एवलांच क्रीक में चले गए। कैलिफोर्निया में रहने वाले सिद्धांत किसी तकनीकी कंपनी में काम करते हैं। हाइकिंग के दौरान पाटिल एक बड़ी चट्टान पर थे, तभी उनका पैर फिसल गया। संतुलन खोने के कारण सिद्धांत एवलांच क्रीक में पानी के नीचे चले गए। कुछ देर के लिए सिद्धांत फिर से सतह पर आए और फिर धारा के साथ बहकर घाटी में चले गए।

**रेंजरों ने ली तलाशी, बरामद हुआ निजी सामान :** सिद्धांत के लापता होने के बाद आस-पास के इलाकों में तैनात हेलिकॉप्टरों की मदद से तलाशी ली गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सिद्धांत के चाचा प्रीतेश चौधरी के मुताबिक आपात मदद के लिए इस्तेमाल में आने वाले अछएफ्ळ हेलीकॉप्टरों द्वारा नाले और आस-पास के क्षेत्र का हवाई सर्वे किया गया। 10 से अधिक रेंजरों ने नाले के किनारे पैदल खोज में जुटे रहे। रेंजरों ने कुछ निजी सामान नीचे की ओर बरामद किए जाने की पुष्टि की और कहा कि पार्क के रेंजर अभी भी क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं।

**सिद्धांत पाटिल 2020 में अमेरिका गया, 2023 में मिली नौकरी**



पुणे निवासी युवक की मां प्रीति और पिता विट्ठल महाराष्ट्र सरकार के सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं और घटना के जानकारी मिलने के बाद से सदमे में हैं। दोनों ही कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। ग्लेशियर नेशनल पार्क की झील में डूबने से दो घंटे पहले भारतीय युवक सिद्धांत विट्ठल पाटिल ने अपनी मां को मेसेज किया था। एवलांच क्रीक में सफेद पानी जैसे हालात और तेज धाराओं के कारण तलाशी में भी काफी चुनौतियां सामने आ रही हैं।

पार्क के अधिकारियों ने कहा कि नाले में बेहद तेज प्रवाह के कारण रेंजरों का जाना संभव नहीं। वे तब तक प्रवेश नहीं कर सकते जब तक कि जलस्तर कम न हो जाए। रेंजरों के मुताबिक जल स्तर घटने के बाद खोज अभियान फिर से शुरू होने में हफ्तों या महीनों भी लग सकते हैं।

---

# पाकिस्तान : इमरान खान की बड़ी जीत

## सुप्रीम कोर्ट ने पीटीआई को आरक्षित सीटों के योग्य माना

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पीटीआई को एक बड़ी कानूनी जीत मिली है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने पार्टी को नेशनल और प्रांतीय असेंबली में आरक्षित सीटों के हि लिए पात्र माना है। सर्वोच्च न्यायालय 13 सदस्यीय पीठ ने शुक्रवार को अपने 8-5 के बहुमत के फैसले में सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार को झटका दिया है। यह मामला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने दायर किया था।

आठ फरवरी के आम चुनाव के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद एसआईसी में शामिल हुए थे। पीटीआई के नेताओं को निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने के लिए मजबूर किया गया था। पीटीआई को शुरू में कथित चुनावी कानून के उल्लंघन के चलते अपने चुनाव चिह्न 'क्रिकेट बैट' के साथ चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। नतीजतन, पीटीआई के उम्मीदवारों ने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। इन निर्दलीय उम्मीदवारों ने 93 सीटों पर जीत हासिल की थी।






**दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं पीएमएल-एन और पीपीपी :** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जबकि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। इमरान खान ने किसी प्रतिद्वंद्वी दल से हाल मिलाने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार बनाने पर सहमत हुए।

**पीटीआई ने एसआईसी के साथ किया था गठबंधन :** पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने निर्दलीय के रूप में जीत हालिस की। बाद में एसआई के साथ गठबंधन किया। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपने फैसले में पेशावर उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया था और चुनाव आयोग के फैसले को अमान्य घोषित कर दिया था।

# भाजपा ने किया साहिबाबाद विधानसभा का मतदाता-कार्यकर्ता सम्मान समारोह

## मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग और विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की अगुवाई में साहिबाबाद विधानसभा के राजनगर एक्सटेंशन स्थित सभागार में मतदाता एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग और विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की।





### वैश्विक मंच पर भारत चुनौती देकर आगे बढ़ रहा है : सांसद अतुल गर्ग



करंट क्राइम। मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि भारत का संसदीय चुनाव असाधारण चुनाव रहा है। दुनिया के सभी देशों को वैश्विक मंच पर भारत चुनौती दे कर आगे बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए दुनिया के तमाम देशों ने विपक्षियों से गठजोड़ कर उनकी मदद की। दुनिया के तमाम देशों में सत्ता परिवर्तन होता रहा है। नरेंद्र भाई मोदी के वैश्विक विकास पर भारत की जनता ने अपनी मुहर लगाकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की तीसरी बार सरकार बनाई। ऐसे में देश का सम्मानित मतदाता एवं कार्यकर्ता सम्मान के हकदार हैं। सांसद अतुल गर्ग कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जो सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने किया है वह सम्मान किसी राजनीतिक दल ने नहीं दिया है। उनके सभी स्थलों को तीर्थ स्थल घोषित कर दिया गया है। अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि दुनिया के तमाम देशों में सत्ता परिवर्तन हुआ है, जबकि भारत की जनता ने युग पुरुष नरेंद्र मोदी को तीसरी बार जीत दर्ज.करा कर पीएम की कमान सौंपकर देश का नाम विश्व के पटल पर अंकित किया है। देश के इस चुनाव में उत्तर प्रदेश विरोधियों के साजिश का शिकार रहा हैं।

### साहिबाबाद के मतदाता ने सर्वाधिक मतों से जीत दिलाई : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



करंट क्राइम। विकट परिस्थितियों में भी साहिबाबाद विधानसभा की जनता ने सर्वाधिक मतों से जीत दिलाकर विधानसभा का सम्मान कायम किया है। विरोधियों ने साजिश की कि भारतीय जनता पार्टी 400 के पार सीट हासिल कर संविधान बदल देगी जबकि हमने डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया है।भविष्य में भी सम्मान करते रहेंगे। विकास के सवाल पर सुनील शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल में जितना प्रदेश और जिले को विकास दिया है,पिछले 70 सालों में वह विकास नहीं मिल सका है।

### मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है : स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप



करंट क्राइम। मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा हम सम्मान पाने नहीं मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संसदीय चुनावों में कांग्रेस पार्टी पिछले अनेक चुनाओं में 240 के आंकड़े को छू नहीं पाई है । कांग्रेस मात्र 90 सीटें पाकर इतरा रही है। 2014 से लेकर 2024 तक हम लगातार जीत दर्ज करते आए हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने सभी आगुंतकों सहित कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा केवल भाजपा का ही ऐसा कार्यकर्ता है जो चुनाव से संबंधित अपने काम को 3 महीने पूर्व अपनी पकड़ में कर लेता है और यह भाजपा की जीत उसी के परिश्रम का परिणाम है।

### गणमान्य लोग उपस्थित रहे

मंच का संचालन भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी ने किया। इस दौरान बाबूजी बलदेव राज शर्मा,पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व महापौर अशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन, पूर्व चेयरमैन रीना भाटी,पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद,महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, उपाध्यक्ष रनिता सिंह, चमन चौहान, बीएल गौतम,महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी, विधानसभा कार्यक्रम संयोजक मधुकर त्यागी, सह संयोजक संजय रावत, अनीता शर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज राय, दीपक राघव, विजेंद्र भड़ाना, ओमेद्र कसाना, राजन बाल्मीकि, अनिल शर्मा, सुधीर त्यागी, हरमीत बक्शी, जयपाल पुंडीर, अवधेश यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मतदाता मौजूद रहे।











# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया तुलसी निकेतन कॉलोनी का दौरा

## अधिकारियों से कहा, अगली बार न मिले जलभराव की शिकायत








**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** मामूली बारिश में ही शहर में जलभराव हो गया। नालों की सफाई नहीं होने और बारिश थमने के बाद पानी निकासी की लचर व्यवस्था को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर शनिवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा तुलसी निकेतन कॉलोनी पहुचे।

कॉलोनी में जलभराव को लेकर उन्होंने अधिकारियों के दो टूक कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी तय कर लें, अगली बार कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। पानी की निकासी के लिए लगातार पंप चलने चाहिए जिससे लोगों के घरों में पानी न भरे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने आरडब्ल्यूए एवं कॉलोनी वासियों को विश्वास दिलाया कि जल्द ही जीडीए अधिकारियों के साथ तुलसी निकेतन की समस्याओं को लेकर बैठक करेंगे। तुलसी निकेतन की समस्या का स्थाई हल निकाला जाएगा जिससे समुचित सुविधाएं कॉलोनी वासियों को मिल सकें। मौके पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना, बलवंत रावत, पवन बब्बर, आनंद गौतम, रितु शरीन, राकेश शर्मा, जितेंद्र कुमार वाल्मीकि, रघुनाथ, प्रमोद कसाना, डॉक्टर सीमा शर्मा, राजेश चड्ढा, महादेव कौशिक, राजेंद्र कुमार, विपिन पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# पहला 'विरासती पेड़' प्रशासन की लापरवाही से गिरने की कगार पर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद का पहला विरासती पेड़ प्रशासन की लापरवाही से गिरने की कगार पर है और इस संबंध में आपसे गुजारिश है कि इसको गिरने से बचाया जाए और वहाँ पर से सीवर का पानी जाना रोककर इसकी रक्षा की जाये। वेव सिटी एनएच-24 के अंदर और बमेटा गांव की सीमा पर सदियों पुराना एक विशाल बड़ का पेड़ है जिसे कुछ साल पहले पर्यावरण प्रेमी लोगो की जागरूकता के कारण वन विभाग की संस्तुति के पश्चात उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद का पहला 'विरासती पेड़' घोषित किया। उक्त विशाल और सुंदर पेड़ के पास एक साफ पानी का तालाब था। पेड़ पर विभिन्न प्रजातियों के हजारों पक्षी आते हैं।



बमहेटा गांव की तरफ से सीवर और गंदे पानी की एक सरकारी नाली तालाब में डाल दी गई और अब पूरे गांव और आसपास की कॉलोनी का गंदा प्रदूषित पानी तालाब में आ रहा है और निकासी ना होने के कारण पेड़ की जड़ें कमजोर हो रही हैं और मिट्टी का कटान जारी है। पेड़ के आसपास बहुत ज्यादा पानी फैल गया ह। कूड़े के ढेर लगे हैं और नमी हो गई है फलस्वरूप पेड़ की जड़े कमजोर हो रही हैं और पेड़ के अस्तित्व को खतरा हो गया है वह ज्यादा दिन तक खड़ा नहीं रह पाएगा। वन विभाग व नगर निगम के द्वारा देखभाल की कोई कोशिश नहीं की गई है। प्राचीन और विशाल विरासती पेड़ की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार और समाज पर है।

# आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में नए सत्र के प्रारम्भ से पूर्व हुआ सुन्दरकांड का पाठ





## इस शुभ अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे

**गाजियबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में नए सत्र के प्रारम्भ से पूर्व सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। शुभ कार्यों की शुरुआत से पूर्व सुंदरकांड का पाठ करने का विशेष महत्व माना गया है, देखा जाए तो यह आत्मविश्वास एवं इच्छाशक्ति बढ़ाने वाला पाठ है। इस पाठ से व्यक्ति को मानसिक शक्ति प्राप्त होती है, साथ ही किसी भी कार्य को करने के लिए आत्मविश्वास मिलता है। कार्यक्रम का आरम्भ बजरंगबली के विधिपूर्वक पूजन से हुआ जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सुन्दर काण्ड पाठ के लिएं भजन मंडली को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान कई भक्ति गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही बजरंगबली की महिमा का गुणगान भी किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के चरणों में सुख.शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहा, कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरित किया गया।

# शालीमार गार्डन वार्ड- 78 के पार्क परिसर की बाउंड्री लाइन के कार्य का उद्घाटन

## क्षेत्र के निवासियों ने पार्षद ओमवती देवी एवं भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान का किया आभार व्यक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन वार्ड- 78 विस्तार प्रथम के ऋषभ पार्क परिसर में बाउंड्री लाइन पर प्लास्टर तथा दाना लगाने के कार्य का उद्घाटन किया गया। इस कार्य का बजट लगभग 9 लाख 98 हजार रुपये है, इस कार्य के लिए क्षेत्र के निवासियों ने वार्ड 78 की पार्षद ओमवती देवी एवं भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान का आभार व्यक्त किया है।



इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डी एन कौल, भूषण लाल टिंगलू, हृदय कांत झा, चिंतन दवे ,भारत भूषण, प्रदीप देवली ,प्रेम त्यागी ,सुरेंद्र रावत, सुनील शर्मा ,भूपेंद्र गोस्वामी, केशव सक्सेना, सीपी सिंह, पुष्पा बिंजोला, सुमन सती, मोनिका टिक्कू, निशा चौहान, सीमा सिंह, अनीता राणा, मुनेश कसाना, प्रियंका सोलंकी, आशा पवार, ममता झा, अंजू, घनशाला के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही !

# राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में विपिन, तरुण व क्षितिज लगाएंगे निशाना

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली में आयोजित 47वीं यूपी राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में जिले के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। तीनों खिलाड़ियों का चयन अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयन होने पर जिले में खुशी का माहौल है।



दिल्ली के के सूरजकुंड स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में पांच से 13 जुलाई तक 47वीं यूपी राज्य शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा किया। जिले के विपिन भाटी ने 10 मीटर एयर राइफल में सीनियर बालक वर्ग में 400 में से 380 स्कोर लगाकर अच्छा प्रदर्शन किया। तरुण नागर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में सब यूथ बालक वर्ग में 600 में से 553 स्कोर बनाया। वहीं, क्षितिज अधाना ने भी 10 मीटर एयर पिस्टल में सब यूथ बालक वर्ग में 600 में से 567 स्कोर लगाकर बेहतर प्रदर्शन किया। तीनों खिलाड़ी नॉलेज पार्क तीन स्थित निजी स्कूल में संचालित जीरोकूल शूटिंग रेंज में कोच मनीष चौधरी से शूटिंग के गुर सीख रहे हैं। कोच ने बताया कि विपिन भाटी डाढ़ा गांव, तरुण नागर लखनावली गांव और क्षितिज अधाना साहपुर खुर्द गांव के निवासी हैं। दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर तीनों खिलाड़ियों का चयन अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन 18 अगस्त से होने की संभावना है।

# जलभराव की समस्या से परेशान हैं डीएलएफ कॉलोनी के नागरिक



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** डीएलएफ कॉलोनी के निवासी विगत कई वर्षों से जलभराव की समस्या से परेशान हैं। इस समस्या को अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक को अवगत करा चुके हैं। परंतु इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। परिणाम स्वरूप दो से चार घंटे की बरसात में 60 फुट मार्ग पर इतना जलभराव हो जाता है कि यातायात बाधित हो जाता है जिस कारण लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।



स्थानीय निवासी सुधीर त्यागी ने कहा कि जलभराव के चलते सबसे ज्यादा समस्या का सामना स्कूली छात्र छात्राओं को करना पड़ता है। क्योंकि कम बरसात में ही इतना जलभराव हो जाता है कि छात्र-छात्राएं सड़कों से स्कूल तक का सफर नहीं तय कर पा रहे हैं।

### पानी की निकासी को लगातार चार पंप चल रहे हैं : पार्षद रेखा गोस्वामी



करंट क्राइम। पार्षद रेखा गोस्वामी ने बताया कि पानी की निकासी के लिए चार पंप चल रहे हैं, वहीं ट्रैक्टर से भी पानी की निकासी की जा रही है। बारिश के चलते कुछ देर के लिए सड़क पर पानी जमा हो जाता है, उसके बाद सुचारू रूप से चलता रहता है। उन्होंने बताया कि डीएलएफ कॉलोनी में 1250 लोगों कीआबादी के लिए बसाया गया था लेकिन आज इसमें 36 हजार के करीब लोग रह रहे हैं, जिस कारण सीवर ओवरफ्लो व जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, कर्मचारी 24 घन्टे नजर रखे है। मेरे द्वारा अधिकारी को पत्र के माध्यम से जल निकासी के लिए पंप की संख्या बढ़ाने के लिए कहा गया है जिससे पानी का लोड कम हो।



शीशपाल ने कहा कि जलभराव की समस्या से रोज किसी न किसी का पैर फिसलता है व किसी न किसी के गंदे पानी से कपड़े खराब होते हैं। बरसात के पानी के अलावा घरों से निकलने वाला पानी भी डीएलएफ की इस सड़क पर ढलान होने की वजह से भर जाता है। साथ ही गलियों में जलनिकासी नहीं होने के कारण सारा पानी गलियों में भी भरा रहता है। सड़क पर होने वाले जलभराव के कारण गांव में गंदगी व मच्छर पैदा हो गए हैं।



स्थानीय निवासी मोइन खान ने बताया कि थोड़ी सी बारिश में ही हुई पानी से लबालब लोगों के निकलने तक का रास्ता नहीं ग्राउंड फ्लोर के बिल्डिंगों में और घरों में पानी भर गया है। नालियों की साफ सफाई और सीवर की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण से यह जल भराव की समस्या ने और अधिक भयावह रूप ले लिया है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर हरिकांत शर्मा ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को अपनी ग्राम सभा कनौजा के पंचायत घर के प्रागंण में स्थापित किया। देशभक्ति का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।